

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 21 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष -41 ■ अंक-332 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## घुसपैठियों को चुन-चुन कर निकालेंगे

### एसआईआर प्रक्रिया देश के हित में: अमित शाह

नई दिल्ली,21 नवंबर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज देश के नागरिकों से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की चल रही राष्ट्रव्यापी प्रक्रिया का पूर्ण समर्थन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया देश और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह सुनिश्चित करती है कि हर एक घुसपैठिए को मतदाता सूची से हटाया जाएगा। शाह ने गुजरात के भुज के हरिपुर में सीमा सुरक्षा बल के 61वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि हम इस देश में से एके के घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे, यह हमारा प्रण है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किसी भी दल का नाम लिए बिना, शाह ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल तथाकथित घुसपैठियों के सफाए के अभियान को कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही, उन्होंने उन्हें चेतावनी भी दी कि बिहार चुनाव ने एनडीए को जनादेश दे दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से, कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों के सफाए के अभियान को कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं। ये राजनीतिक दल एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग की मतदाता सूची के शुद्धिकरण का विरोध कर रहे हैं। मतदाता सूची के शुद्धिकरण में अपना विश्वास व्यक्त करते हुए, शाह ने कहा कि



एसआईआर "देश और हमारे लोकतंत्र की रक्षा करने की एक प्रक्रिया" है और उन्होंने सभी से चुनाव आयोग द्वारा की जा रही इस प्रक्रिया का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज, मैं देश की जनता से अपील करना चाहता हूँ कि वे चुनाव आयोग द्वारा की जा रही एसआईआर प्रक्रिया का पूरा समर्थन करें। मैं घुसपैठियों को बचाने में शामिल उन राजनीतिक दलों को चेतावनी देना चाहता हूँ कि बिहार चुनाव देश की जनता का जनादेश है। अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाई गई बहादुरी के लिए बीएसएफ और सशस्त्र बलों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "बीएसएफ और सेना की बहादुरी के कारण, कुछ ही दिनों में पाकिस्तान ने (ऑपरेशन सिंदूर के दौरान) एकतरफा युद्धविराम की घोषणा कर दी और इससे पूरी दुनिया को यह स्पष्ट हो गया कि भारत की सीमा और सुरक्षा बलों के साथ समझौता नहीं किया जाना चाहिए; अन्यथा उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे।" बीएसएफ दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल है, जिसमें 2.7 लाख से अधिक कर्मी कार्यरत हैं और छह दशकों से भी अधिक समय से इसने देश की सुदृढ़ सुरक्षा सुनिश्चित की है।

## कोयला घोटाला: 40 से अधिक ठिकानों पर ईडी का छापा

रांची/कोलकाता,21 नवंबर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने झारखंड में बड़े कोयला चोरी और तस्करी घोटाले पर शिकंजा कसते हुए शुक्रवार सुबह 18 स्थानों पर व्यापक छापेमारी शुरू की। यह कार्रवाई उन मामलों से जुड़ी है जिनमें अनिल गोयल, संजय उद्योग, एलबी सिंह और अमर मंडल सहित कई नाम सामने आए हैं। अधिकारियों के अनुसार, इन मामलों में बड़े पैमाने पर कोयले की चोरी, अवैध परिवहन और हेराफेरी की गई, जिससे सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ईडी ने अनिल गोयल, नरेंद्र खड़का, युधिष्ठिर घोष, कृष्णा मुरारी कयाल और अन्य से जुड़े परिसरों पर भी तलाशी ली है। यह अभियान सुबह से लगातार जारी है और कई अहम दस्तावेज एवं डिजिटल सबूतों के मिलने की संभावना है। ईडी ने समानांतर रूप से पश्चिम बंगाल में भी 24 परिसरों पर छापेमारी की है। दुर्गापुर, पुरुलिया, हुगली और कोलकाता जिलों में यह कार्रवाई अवैध कोयला खनन, परिवहन और भंडारण से जुड़े मामलों में की जा रही है। झारखंड और बंगाल दोनों राज्यों में चल रही इस संयुक्त कार्रवाई के तहत कुल 40 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे जा रहे हैं.

## संक्षेप

### हिड़मा के बाद अब सुरक्षा बलों की नजर देवा पर

सुकमा,21 नवंबर। दक्षिण बस्तर में हिड़मा के खात्मे के बाद अब सुरक्षा एजेंसियों की नज़र जिस नक्सली पर सबसे ज़्यादा है, वह है बारसा देवा. देवा भी उसी ओयोपारा का रहने वाला है, जहां हिड़मा का घर था, और दोनों सिर्फ 4 किमी की दूरी पर पले-बढ़े। संगठन के भीतर चर्चा है कि हिड़मा के बाद अब बस्तर की कमान देवा को सौंपी जा सकती है. देवा फिलहाल नक्सलियों की मिलिट्री दलम का हेड है, और बस्तर में कई घातक घटनाओं का मास्टरमाइंड माना जाता है. झीरम घाटी कांड से लेकर दंतेवाड़ा-सुकमा में हुए कई हमलों में देवा की भूमिका सामने आ चुकी है.

सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि देवा अब संगठन का सबसे बड़ा चेहरा बन चुका है. इसकी मां ने हाल ही में बेटे को संगठन छोड़ने की अपील की थी, लेकिन देवा अब भी जंगली ठिकानों में सक्रिय है. हिड़मा की मौत के बाद देवा की सक्रियता और बढ़ गई है, जिससे उसके आत्मसमर्पण का सवाल भी अब टलता दिख रहा है. पुलिस और संगठन दोनों की नज़रें एक ही नाम पर टिक गई हैं—देवा.

### टीम इंडिया के नए कप्तान बने ऋषभ पंत

नई दिल्ली,21 नवंबर। टीम इंडिया के कप्तान और दिग्गत बल्लेबाज कप्तान शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। वहीं अब उनकी जगह ऋषभ पंत दूसरे टेस्ट में टीम की कप्तानी करेंगे। गिल ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हुए थे। गर्दन में परेशानी के बाद वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन वापस लौटे। इसके बाद गिल दोबारा बल्लेबाजी नहीं कर सके। बीसीसीआई ने शुक्रवार को 'एक्स' पर लिखा कि, 'टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल, जिन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगी थी, गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में ऋषभ पंत दूसरे टेस्ट में टीम की कप्तानी करेंगे'

### 23 को देशव्यापी प्रतिरोध दिवस मनाएंगे नक्सली

जगदलपुर,21 नवंबर। बस्तर के सबसे चर्चित नक्सली कमांडर मांडवी हिड़मा की मौत अब एक नए विवाद में बदल गई है।

नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय ने प्रेस नोट जारी कर सरकार और सुरक्षा एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को 'फर्जी मुठभेड़' बताते हुए 23 नवंबर को देशव्यापी प्रतिरोध दिवस मनाने का ऐलान किया है। अभय का दावा है कि हिड़मा इलाज के लिए विजयवाड़ा गया था, जहां उसे पकड़कर सरेंडर कराने की कोशिश की गई। सुरक्षा बल हिड़मा को जीवित सरेंडर कराना चाहते थे, लेकिन असफल होने पर उसे और उसके साथ मौजूद 6 अन्य नक्सलियों को मार दिया गया।

## अब कोच अटेंडेंट व संविदा कर्मियों का भी होगा वेरिफिकेशन

रायपुर,21 नवंबर। सफर के दौरान सुविधाओं के साथ यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है. अब सभी कोच अटेंडेंट, संविदा कर्मचारियों का फिर से पुलिस वेरिफिकेशन करना होगा. साथ ही लंबित मामलों की पहचान करने और सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करने व सत्यापन प्रक्रिया में तेजी लानी होगी. रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल को इस सिलसिले में नोटिस जारी किया है. बोर्ड की ओर से जारी पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि ओबीएचएस, लिनेन और कोच अटेंडेंट जैसे सभी ऑनबोर्ड कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कार्य पूरा कर, सीएमएम पोर्टल पर डेटा अपडेट सुनिश्चित करें. हाल ही में ही ट्रेन में पुलिस जवानों के साथ मारपीट का मामला सामने आया. इसके बाद बोर्ड की ओर से यह नोटिस जारी किया गया. वैसे भी किसी भी कर्मचारी का पहले से ही पुलिस वेरिफिकेशन कराना जरूरी है. लेकिन इस घटना के बाद फिर से सत्यापन करने को कहा गया है. ओबीएचएस, लिनेन और कोच अटेंडेंट जैसे सभी ऑनबोर्ड कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कर सत्यापन प्रक्रिया जल्दी करने के निर्देश दिए गए हैं और इसके डेटा को अपडेट कर सीएमएम पोर्टल पर 20 नवंबर तक संबंधित कार्यालय में सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करने कहा गया है. इसके साथ ही बीच में डेटा को अपडेट करने के भी निर्देश दिए गए हैं. ट्रेनों में संविदा पर कोच अटेंडेंट, बेड रोल वितरक और सफाई का काम करने वाले ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) कर्मियों को काम पर लगाया जाता है. अब पुलिस वेरिफिकेशन के बगैर इनको काम करने की अनुमति नहीं मिलेगी. ये हर समय हजारों यात्रियों के बीच में काम करते हैं. क्राइम प्रवृत्ति के कर्मचारी होने पर कभी भी यात्रियों के साथ बड़ी घटना होने का डर बना रहता है. इसलिए यात्रियों को सफर के दौरान सुविधाओं के साथ सुरक्षा प्रदान करने के लिए इसे अनिवार्य कर दिया गया है.

## सड़कों की बदहाल स्थिति पर हाईकोर्ट ने पीडब्लूडी सचिव से मांगा शपथपत्र

बिलासपुर,21 नवंबर। राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रदेश की सड़कों की बदहाल स्थिति के मामले में चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में सुनवाई दौरान शासन की ओर से बताया गया कि सड़कों की डिजाइनिंग और सुरक्षा माड्यूल के बारे में एनआईटी की लिखित एडवायजरी रिपोर्ट दो सप्ताह में मिल जाएगी। हाईकोर्ट ने मामले में लोक निर्माण विभाग के सचिव से शपथ पत्र पर जवाब मांगा है। राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रदेश की सड़कों की बदहाल स्थिति पर लंबे समय से हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट ने पूर्व में रायपुर धनेली से सडडू, जोरा तक जाने वाली सड़क के कार्य को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा था कि 6 महिने से ज्यादा समय हो गया, कितना समय लग रहा है। सेंदरी बायपास के काम को लेकर भी नेशनल हाईवे प्रबंधन सहित अन्य को शपथ पत्र में जवाब देने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में इस मामले में सुनवाई हुई, जिसमें शासन की ओर से बताया गया कि प्रदेश में जगह-जगह खराब सड़कों के अलावा अव्यवस्थित ट्रेफिक को लेकर भी नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालाजी रायपुर से विधिवत सलाह मंगाई गई थी। इस पर चीफ जस्टिस ने साफ कहा कि एक-दो साल में यह मिल जाएगी। शासन ने स्पष्ट करते हुए बताया कि आगामी दो सप्ताह के भीतर एनआईटी की पूरी रिपोर्ट मिल जाएगी। इसके अनुसार ही प्रदेशभर में सड़कों पर यातायात और सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट कमिश्नरों ने कोर्ट को बताया कि अब भी राज्य में कहीं-कहीं बहुत खराब हाल है। इस बात को कोर्ट ने गंभीरता से लिया और शासन से इसका निदान कराने कहा। मालूम हो कि इस मामले में ही आज शासन की ओर से शपथ पत्र आने वाला था। कोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए लोक निर्माण के सचिव से अगली सुनवाई तक शपथ पत्र पर विस्तृत जानकारी मंगाई है, जिसमें पूरे राज्य में खराब सड़कों को लेकर क्या कदम उठाए जाएंगे इसकी जानकारी दी जाएगी।

## थैले में मिला जिंदा नवजात शिशु

मनेन्द्रगढ़,21 नवंबर। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम पंचायत चनवारीडांड स्थित वन विभाग



डिपो के पास शुक्रवार सुबह थैले में नवजात शिशु लावारिस हालत में मिली. सुबह टहलने निकले लोगों को रोने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद उसे अस्पताल लाया गया. फिलाहाल शिशु का स्वास्थ स्थिर बताया जा रहा है. उसे मेडिकल टीम की विशेष निगरानी में रखा गया है. जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत चनवारीडांड क्षेत्र में शुक्रवार सुबह किसी ने एक नवजात शिशु को झोले में डालकर सड़क किनारे छोड़ दिया. स्थानीय लोगों ने शिशु को तत्काल चिकित्सीय सहायता के लिए अस्पताल लाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को "स्वस्थ्य और स्थिर" बताया है. अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को प्राथमिक उपचार दिया. नन्हीं जान सुरक्षित बताई जा रही है और उसे मेडिकल टीम की विशेष निगरानी में रखा गया है. वहीं सूचना पर कोतवाली मनेंद्रगढ़ पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई.

## नेहरू सिर्फ इतिहासकार नहीं, बल्कि भारत की धड़कन हैं : राहुल

नई दिल्ली,21 नवंबर। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू के लेखन के एक व्यापक डिजिटल संग्रह के उद्घाटन की सराहना की और इसे भारत की लोकतांत्रिक यात्रा को समझने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए एक शक्तिशाली दिशासूचक बताया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि देश के पहले प्रधानमंत्री के कार्य केवल ऐतिहासिक अभिलेख नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र की विकसित होती अंतरात्मा को दर्शाते हैं, जो उसके साहस, शंकाओं और आकांक्षाओं को समेटे हुए हैं। संग्रह के महत्व पर अपने विचार साझा करते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि नेहरू के लेखन आधुनिक भारत को आकार देने वाली चुनौतियों और विजयों के बारे में गहरी अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। राहुल गांधी ने X पर पोस्ट किया कि नेहरू के लेखन केवल इतिहास नहीं हैं, वे भारत की विकसित होती अंतरात्मा का अभिलेख हैं। हमारे राष्ट्र की लोकतांत्रिक यात्रा - उसके साहस, उसके संदेहों, उसके सपनों - को समझने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए, उनके शब्द



एक शक्तिशाली दिशासूचक बने हुए हैं। मुझे खुशी है कि यह विरासत अब सभी के लिए खुली, खोज योग्य और मुफ़्त है। इसका विस्तार होता रहेगा। 'जवाहरलाल नेहरू की चुनिंदा कृतियाँ' का पूर्णतः डिजिटलीकरण कर दिया गया है। नए लॉन्च किए गए डिजिटल संग्रह में नेहरू के निबंध, पत्र, भाषण और व्यक्तिगत विचार स्वतंत्र रूप से सुलभ और खोज योग्य हैं, जिससे शोधकर्ता, छात्र और नागरिक भारत के पहले प्रधानमंत्री के विचारों को एक सुविधाजनक प्रारूप में खोज सकते हैं। इस संग्रह को निरंतर विस्तारित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और समय के साथ इसमें अतिरिक्त लेखन और दस्तावेज़ों को शामिल करने की योजना है।

राहुल गांधी ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि नेहरू की बौद्धिक और राजनीतिक विरासत अब बिना किसी प्रतिबंध के जनता के लिए उपलब्ध है। उन्होंने इस पहल को ऐतिहासिक साक्षरता और लोकतांत्रिक जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जो नागरिकों को उन मूलभूत विचारों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करता है जिन्होंने भारत को एक संप्रभु और लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित करने में मार्गदर्शन किया। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कल घोषणा की थी कि जवाहरलाल नेहरू स्मारक कोष ने एक स्मार्टफोन-अनुकूल http://nehruarchive.in लॉन्च किया है।

## दिल्ली धमाके में इंटरनेशनल साजिश बेनकाब

नई दिल्ली,21 नवंबर। दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके से जुड़े 'व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल' के विदेशी कनेक्शन अब उजागर हुए हैं। जांच में सामने आया है कि तीन कथित विदेशी हैंडलर्स में से एक ने अल-फलाह से गिरफ्तार डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनई को एन्क्रिप्टेड ऐप्स के जरिए बम बनाने के 42 वीडियो भेजे थे। डॉ. गनई के कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ था और वह धमाका करने वाले उमर नबी का साथी है। जांच में पता चला है कि इस कार ब्लास्ट का मास्टरमाइंड आतंकी डॉ. उमर 2022 में तुर्की गया था, जहां उसने एक सीरियाई आतंकी से मुलाकात की। इसके साथ डॉ. मुजम्मिल शकील गनई और डॉ. मुजफ्फर रैदर भी मौजूद थे। यह मुलाकात उनके पाकिस्तानी हैंडलर उकाशा के निर्देश पर करवाई गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, तीनों आतंकवादी लगभग 20 दिन तक तुर्की में रहे और अपने पाकिस्तानी मास्टरमाइंड उकाशा से मिलने का प्रयास किया, जो पाकिस्तान-अफगानिस्तान बॉर्डर पर स्थित है। हालांकि, वे उससे नहीं मिल पाए, लेकिन उकाशा ने उन्हें सीरियाई आतंकी से मिलने का आदेश दिया। इसके बाद डॉ. मुजफ्फर, यूएई के रास्ते अफगानिस्तान गया और अल-कायदा में शामिल हो गया। उधर पाकिस्तानी हैंडलर उकाशा ने डॉ. उमर को भारत लौटकर जैश-ए-मोहम्मद के एक बड़े प्लान को अंजाम देने का निर्देश दिया। भारत वापसी के बाद उमर ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी ज्वाइन की और वहीं से अपना आतंकी मॉड्यूल खड़ा करना शुरू किया। जांच के अनुसार, यह मॉड्यूल देशभर में बड़े पैमाने पर हमलों की तैयारी कर रहा था।

### मानव बम बनाने की तैयारी में थी डॉ शाहीन

दिल्ली ब्लास्ट मामले में लगातार जांच अर्जेंसियां खुलासे कर रह हैं. इसी कड़ी में दिल्ली ब्लास्ट की साजिशकर्ताओं में से एक डॉ शाहीन से को लेकर एक और बड़ा खुलासा हुआ है। जांच अर्जेंसियों को पटा चल है कि, डॉ शाहीन मानव बम बनाने की तैयारी में थी।

इस काम के लिए वह मुस्लिम लड़कियों और मुस्लिम महिलाओं का ब्रेन वॉश करने की प्लानिंग कर रही थी। जांच एर्जेंसियों को डॉ शाहीन के डिलीट हुए वाट्सअप चैट से अहम जानकारी मिली है। शाहीन ने सीमा पार हिजबुल के आतंकियों से मानव बम बनाने के लिए खास विस्फोटक मंगवाए थे। हालांकि, अभी ऐसे किसी विस्फोटक की रिकवरी नहीं हुई है। डॉ शाहीन को लेकर सामने आई जानकारी से पता लगा है कि मानव बम का नाम कोड वर्ड में मुजाहिद जंगजू रखा गया था। मानव बम के लिए शाहीन उन मुस्लिम महिलाओं की तलाश कर रही थी जो तलाकशुदा हो और अपने पति और बच्चों से दूर रहती हों।

## मैं बौद्ध धर्म को मानता हूं, लेकिन सभी धर्मों में विश्वास: गवई

नई दिल्ली,21 नवंबर। प्रधान न्यायाधीश बीआरगवई ने कहा कि वह बौद्ध धर्म को मानते हैं, लेकिन वास्तव में वह वह एक पंथनिरपेक्ष इंसान हैं जो सभी धर्मों में विश्वास करते हैं।सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्सऑन रिकार्ड एसोसिएशन द्वारा आयोजित विदाई कार्यक्रम में जस्टिसगवई ने आभार जताते हुए कहा कि देश की न्यायपालिका ने उन्हें बहुत कुछ दिया है। जस्टिसगवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में उनका आखिरी कार्यदिवस होगा। प्रधान न्यायाधीशनेकहा, "मैंने सभी धर्मों में विश्वास अपने पिता से सीखा है। वह पंथनिरपेक्ष और डा. आंबेडकर के अनुगामी थे। जब हम उनके साथ राजनीतिक कार्यक्रमों में जाते थे और उनके दोस्त कहते थे, यहां आओ, यहां की दरगाह मशहूर है, या यहां का गुरुद्वारा मशहूर है, तो हम जाते थे।" गवई ने कहा कि वह सिर्फ डा. आंबेडकर और संविधान की वजह से ही इस पोजिशन तक पहुंच पाए। उन्होंने कहा, कहा कि सुप्रीम कोर्ट को सिर्फ सीजेआइ पर केंद्रित कोर्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि सभी जजों का कोर्ट होना चाहिए।



## एचआईवी रिपोर्ट की जानकारी अब केवल डॉक्टर रख सकेंगे

रायपुर,21 नवंबर। शासन ने अस्पताल में इलाज के दौरान एचआईवी मरीजों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए गाइडलाइन जारी की है. यह गाइडलाइन तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दी गई है. अब एचआईवी पॉजिटिव होने की जानकारी इलाज करने वाले डॉक्टर या नियंत्रण अधिकारी के पास ही रहेगी. यही नहीं फाइल, रजिस्टर, कंप्यूटर रिकार्ड लेवल पर अलग से कोई चिह्न नहीं बनाया जाएगा. भारत सरकार के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) की 2018 में जारी अधिसूचना के अनुसार एचआईवी, एड्स से ग्रसित लोगों की चिकित्सीय, व्यक्तिगत एवं पहचान संबंधी सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जानी है. स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को गाइडलाइन जारी कर पालन करने को कहा है.सर्जरी या डिलीवरी के समय ऑपरेशन करने वाली टीम को सुरक्षा के बतौर नाम उजागर किए बिना मरीज की जानकारी दी जा सकती है. यही नहीं, मरीज की स्थिति की जानकारी इलाज करने वाले डॉक्टर व जरूरी स्टाफ तक सीमित रहेगी. किसी भी परिस्थिति में मरीज की स्थिति को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित, चर्चा या प्रचारित नहीं किया जाएगा. एचआईवी-एड्स मरीजों से संबंधित दस्तावेज, रजिस्टर व रिपोर्ट सुरक्षित स्थान पर रखे जाएंगे. सिर्फ अधिकृत अधिकारी की अनुमति से ही उपलब्ध कराए जाएंगे.

गोपनीयता का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. संक्रमण से बचाव के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मी यूनिवर्सल प्रकाशन का पालन करेंगे. रक्त, सुई, ब्लेड या किसी भी शारीरिक द्रव के संपर्क से बचाव के लिए डिस्पोजेबल दस्ताने, मॉस्क, एप्रन, सेफ्टी गॉगल्स आदि का इस्तेमाल किया जाए. इस्तेमाल के बाद सुइयों को निडिल डेस्ट्रोयर या शॉर्प कंटेनर में ही नष्ट किया जाए. सभी को सुई या ब्लेड का दोबारा उपयोग नहीं करने को कहा गया है. ताकि संभावित संक्रमण से बचा जा सके. गाइडलाइन में यह भी कहा गया है कि अस्पतालों में सभी उपकरणों का उचित स्टरलाइजेशन किया जाए. साथ ही बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम का पालन किया जाए. ब्लड ट्रांसफ्यूजन केवल स्क्रीन किए गए रक्त से किया जाएगा. ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम एवं ड्रेसिंग रूम में संक्रमण नियंत्रण के सभी प्रोटोकॉल लागू करें. यही नहीं इंफेक्शन कंट्रोल कमेटी हर माह निरीक्षण कर जरूरी रिपोर्ट तैयार करें.

## घर छोड़कर सारी संपत्ति जन सुराज को दान

### प्रशांत किशोर का 90 फीसदी कमाई भी देने का ऐलान

पटना,21 नवंबर। बिहार विधानसभा चुनाव में 238 सीटें लड़कर जीरो पर आउट हुई जन सुराज पार्टी (जेएसपी) के नेता प्रशांत किशोर ने पार्टी को आगे चलाने के लिए दिल्ली का एक घर छोड़कर सारी संपत्ति पार्टी को दान करने का ऐलान कर दिया है। प्रशांत ने इसके साथ ही अगले पांच साल तक सलाह देने के बदले होने वाली कमाई का 90 फीसदी हिस्सा भी जन सुराज को डोनेट करने की घोषणा की है। पार्टी की हार के लिए चंपारण के गांधी आश्रम में 24 घंटे का प्रायश्चित उपवास तोड़ने के बाद पीके ने 15 जनवरी से बिहार में नए सिरे से पार्टी का अभियान शुरू करने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जन सुराजी एक-एक वार्ड में जाएंगे और सरकार के वादों पर अमल करवाएंगे। प्रशांत ने कहा कि पार्टी महिलाओं का फॉर्म भरवाएगी, ताकि उनको



10 हजार रुपये मिले या बाद में मिलने वाला 2 लाख रुपया भी सरकार दे। प्रशांत ने कहा कि महिलाओं को 10 हजार देने वक्त कोई शर्त नहीं रखा गया लेकिन 2 लाख देने के नाम पर अफसर शर्त बताएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की जो शर्त जारी की है, उस शर्त के मुताबिक बिहार की डेढ़ करोड़ महिलाओं से फॉर्म भरवाकर जमा कराना जन सुराज के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य के 1 लाख 18 हजार वार्ड में जाकर फॉर्म भरवाएंगे और जमा करवाएंगे। उन्होंने कहा कि या तो 2 लाख रुपया मिले या उनको सबक मिले कि भविष्य में गलती से वोट बेचना नहीं है। प्रशांत किशोर ने पार्टी को आगे चलाने के लिए संसाधन और पैसों की जरूरत पर चर्चा की और कहा कि 20 साल में उन्होंने जो भी कमाया है, दिल्ली का एक घर परिवार के लिए छोड़कर सारी चल-अचल संपत्ति वो जन सुराज पार्टी को दान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले 5 साल तक जो भी वो कमाएंगे, उसका कम से कम 90 परसेंट पार्टी को डोनेट करेंगे।

## एक नजर

### टाइल्स मिस्त्री की मशीन से कट जाने से मौके पर ही मौत



**भिलाई 21 नवंबर।** जामुल थाना क्षेत्र के कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड स्थित मकान में टाइल्स कटिंग के दौरान हुए हादसे में टाइल्स मिस्त्री की मशीन से कट जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई जामुल पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि योगेश शर्मा पिता अमर सिंह शर्मा (34 साल) निवासी फरीदनगर सुपेला कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी घनश्याम वर्मा (60 साल) के घर में टाइल्स कटर मशीन से कम कर रहा था टाइल्स की कटिंग करने के दौरान टाइल्स फिसल गई और टाइल्स कटिंग मशीन उसके गर्दन में पड़ा जिससे उसके गर्दन में कट लग गया घाव इतना अधिक गहरा था कि टाइल्स मिस्त्री की मौके पर मौत हो गई इस घटना की सूचना मिलते ही जामुल पुलिस मौके पर पहुंची पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

### एसआईआर भाजपा को बूथ स्तर पर मजबूत करने का मौका:मिश्रा

**रायपुर 21 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर उत्तर विधानसभा की चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण को लेकर आज महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष महामंत्री, पार्षद, शक्तिकेंद्र प्रभारी, संयोजक सहसंयोजक एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि - यह अभियान केवल फार्म भरने की प्रक्रिया नहीं बल्कि भाजपा संगठन को बूथ स्तर पर और मज़बूत करने का अवसर है। मतदाता सूची सही होगी तो परिणाम अपने आप सकारात्मक होंगे। हमारा लक्ष्य है– उत्तर विधानसभा को प्रदेश का 'मॉडल विधानसभा' बनाना।÷जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि -विशेष पुनर्निरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। 204 बूथों पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता यह सुनिश्चित करेगी कि एक भी समर्थक मतदाता सूची से न छूटे। क्क्र2 बूथ लेबल एजेंट के रूप में कार्यकर्ता की भूमिका इस अभियान को अत्यंत मजबूत बनाता है। नगर निगम रायपुर के सभापति सूर्यकांत राठौर ने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के निर्देशानुशार पार्षद स्तर पर SIR सहायता केंद्र स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है। हर नागरिक को मतदाता सूची में जोड़ना हमारा दायित्व है। बूथ कार्यकर्ता और पार्षद मिलकर इस अभियान को पूर्ण सफलता दिलाएंगे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति ने सुचारू रूप से किया। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के प्रति जिला उपाध्यक्ष अकबर अली ने आभार व्यक्त किया। बैठक में सुनील पिल्लई, सुभाष अग्रवाल, अर्चना हुकरे, अनूप खेलकर, रोहित भरद्वाज, संदीप जंघेल, जीतेन्द्र गंडेचा, दलविंदर सिंग बेदी, राम प्रजापति, रोहित साहु, राजेश गुप्ता, प्रदीप वर्मा, संतोष सीमा साहू, संतोष हियाल, खगपति सोनी, सौरभ मिश्रा, अवतार सिंग बागल, कैलाश बेहरा, गोरेलाल नायक, विपिन पटेल, कृतिका जैन, दिलीप धनकर, भगवान यादव, सुनील बांगरे, अर्पित सूर्यवंशी, असगर अली, आशीष आहुजा, सुधीर चौबे, गोपाल ठाकरे, विकाश अग्रवाल, हरवंश कश्यप, ज्ञानचंद चौधरी, राम दास मानिकपुरी, नरेन्द्र जंघेल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वार्ड नं.-20 पेण्ड्री में 50 लाख से अधिक के विकास कार्य का भूमिपूजन

**राजनांदगांव 21 नवंबर।** शासन द्वारा स्वीकृत राशि से वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे है, इसी कडी में वार्ड नं. 20 पेण्ड्री में अधोसंरचना एवं अधोसंरचना उपकर निधि मद अंतर्गत 20.11 लाख रूपये की लागत से पीटीएस में सीमेंट कांक्रिटींग रोड, 10 लाख रूपये की लागत से कवर पारा में सामुदायिक भवन निर्माण, 3-3 लाख रूपये की लागत से गौठान के पास व चंद्रा कालोनी सामुदायिक भवन के पास शेड निर्माण, 7.80 लाख रूपये की लागत से शीतला मंदिर तालाब रोड में सीमेंटीकरण, 5 लाख रूपये की लागत से सोमनाथ साहू के घर से बड़ा नाला तक रोड एवं नाली निर्माण, 5 लाख रूपये की लागत से चंद्रा कालोनी राजपूत पारा में सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं 10 लाख रूपये की लागत से पेण्ड्री जैत खम्भ के पास सामुदायिक भवन निर्माण किया जाना है। पेण्ड्री वार्ड में 50 लाख रूपये से अधिक के विकास कार्य कराने महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने वार्ड पार्षद श्री कुलेश्वर ध्रुव, पीटीएस के पुलिस अधीक्षक श्री गजेन्द्र सिंह, डीएसपी श्रीमती मीना चौधरी, कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया।

# 77 लाख रुपए की ठगी करने वाले कंपनी का डाटा इन्ट्री अपरेटर व वर्किंग स्टाफ गिरफ्तार

**भिलाई 21 नवंबर।** शेयर ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेण्ट के नाम पर अच्छे लाभांश एवं रकम दुगना होने की बात बताकर रकम निवेश कराकर 77 लाख रुपए की ठगी करने वाले कंपनी के डाटा इन्ट्री अपरेटर व वर्किंग स्टाफको सुपेला थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने कपंनी के सील-पेड, डीव्हीआर, कम्प्यूटर सेट, पैसे गिनने की मशीन जब्त की है वहीं कंपनी संचालक, मैनेजर समेत अन्य की तलाश कर रही है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि प्रार्थी प्रिंस चन्द्राकर (38 साल) निवासी गौरी नगर धमतरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 अक्टूबर से 4



नवंबर को ऐरिना कौप्टिल कार्यालय स्मृति नगर सुपेला के संचालक योगेश साहू एवं मैनेजर मेघा साहू कलेक्शन ऐजेन्ट एवं एकाउन्टेट गौरव साना, जंयत कुमार डाटा इन्ट्री, अरुण सरकार वर्किंग स्टाफ कम्पनी में अच्छे लाभांश एवं रकम दुगना होने की बात बताकर रकम निवेश कराकर प्रतिमाह 10 प्रतिशत मुनाफा दिये जाने का विश्वास दिलाकर निवेश की। रकम को दुगुना कर वापस करने का झांसा देकर तथा यतीन्द्र चन्द्राकर से कुल रकम 77 लाख रूपये अवैध प्रलोभन देकर छलपूर्वक एवं षड्यंत्रपूर्वक बेईमानी कर धोखाधड़ी की। रिपोर्ट पर थाना सुपेला में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान सुपेला पुलिस ने ऐरिना कौप्टिल कार्यालय से जयंत कुमार (32 साल ), अरुण सरकार (64 साल) को पकड़कर पूछताछ करने पर करना जुर्म स्वीकार किया। ऐरिना कौप्टिल कार्यालय से 19 नग सील गोहर पेड एवं 01 नग आफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीव्हीआर एवं 08 नग कम्पनी का फोटो फेम 02 नग आफिस का बेनर पोस्टर एवं 4 नग सीपीयू 5 नग मोनिटर 3 नग माउस 3 नग कीबोर्ड 3 नग प्रिंटर 1 नग नोट गिनने की मशीन एवं 1-1 मोबाइल जब्त किया है प्रकरण में आरोपी योगेश साहू, मेघा साहू,गौरव साना, जंयत कुमार,अरूण सरकार ने योजन बनाकर संगठित होकर लोगों रकम लगाने पर दोगुना वापस करने का भरोसा देकर षड्यंत्रपूर्वक बेईमानी कर धोखाधड़ी की है प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की पता-तलाश जारी है।

### एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन और रकबा संशोधन की बढ़ी तिथि

**मोहला 21 नवंबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन और रकबा संशोधन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 नवम्बर कर दी गई है। इसमें डुबान, वन पट्टाधारी किसानों का कैरी फॉरवर्ड, नवीन पंजीयन और पंजीकृत फसल तथा रकबे में संशोधन शामिल है। जिला खाद्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान अब तहसील कार्यालय में जाकर आसानी से पंजीयन और रकबा संशोधन करा सकते हैं। धान उपार्जन के लिए एग्रीस्टैक में पंजीकृत किसानों के सभी खसरे पोर्टल में दर्ज होना अनिवार्य है।

### भिलाई मार्शलिंग यार्ड से लगे उरला दुग्ध संयंत्र के पास स्पेशल पैसेंजर ट्रेन की एक बोगी डिरेल होने के बाद आग लग गई

# ट्रेन हादसे की खबर से मचा हड़कंप

**दुर्ग 21 नवंबर।** जिले के भिलाई चरोदा स्थित डीबी यार्ड के पास आज लगभग पौने 11 बजे ट्रेन हादसे की खबर से हड़कंप मच गया भिलाई मार्शलिंग यार्ड से लगे उरला दुग्ध संयंत्र के पास स्पेशल पैसेंजर ट्रेन की एक बोगी डिरेल होने के बाद आग लग गई। सूचना पर पहुंची एनडीआरएफकी टीम ने बीएसपी फायर ब्रिगेड, आरपीएफ और रेलवे की दुर्घटना राहत टीम के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान डिरेल बोगी का छत काटकर 25 से 30 गंभीर व आंशिक रूप से घायल यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और मौके पर प्राथमिक उपचार देकर नजदीकी अस्पताल भेजा गया यह कोई यह घटना सही नहीं बल्कि मॉकड्रिल था। इस बात की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे लोगों ने राहत की सांस ली। मॉकड्रिल के दौरान अधिकारियों ने यात्रियों के बचाव व राहत कार्यो का अवलोकन किया। इससे पहले रेलवे की ओर से आपातकालीन सायरन बजने लगा। रेलवे की ओर से बीएमवाय उरला से लगे दुग्ध



संयंत्र के पास स्पेशल पैसेंजर ट्रेन के डिरेल हो जाने की सूचना प्रसारित की गई। इसके साथ ही सरकारी मशीनरी एक्टिव हो गई और एडीआरएम बजरंग अग्रवाल सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरपीएफ, रेलकर्मी, पुलिस, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, बीएसपी फायर बिग्रेड, एनडीआरएफऔर सिविल डिफेंस की टीमें मौके पर पहुंची इसके बाद बचाव कार्य के लिए वृहद स्तर पर ऑपरेशन चलाया गया। डिरेल हुई बोगी के अंदर फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए आपदा प्रबंधन टीमों ने ऊपर छत को काटकर रास्ता बनाया। फिर घायल यात्रियों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल भेजा गया। इस दौरान आरपीएफकी टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ डिरेल हुई बोगी का बारीकी से निरीक्षण किया। दुर्घटनाग्रस्त बोगी से आग की लपटे निकल रही थी। जिसे फायर ब्रिगेड की टीम ने पानी की बौछार करते हुए काबू में किया। तो एक संदिग्ध बैग मिला। बम निरोधक ने भी बारीकी से डिरेल हुई बोगी की तलाशी ली। लोगों को राहत तब मिली, जब पता चला कि यह एक मॉकड्रिल था हर दो साल में होता है मॉकड्रिल अग्रवाल रायपुर रेल मंडल के एआरएम बजरंग अग्रवाल ने बताया कि रेलवे द्वारा किसी भी आपदा प्रबंधन को परखने के लिए हर दो साल में मॉकड्रिल किया जाता है। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य यही रहता है कि दुर्घटना होने पर कैसे जल्दी से जल्दी उससे निपटा जाए। दुर्घटना में फंसे लोगों को बचाना सबसे जरूरी होता है। इसके लिए मॉकड्रिल में सभी एजेंसियों ने भाग लिया। इसमें एनडीआरएफऔर रेलवे की एक्सीडेंट रिलीफटीम और एक्सीडेंट रेल मेडिकल टीम ने भाग लिया। इस दौरान सभी टीमों ने अच्छा कार्य किया। मॉकड्रिल में 25 से 30 घायलों को डिरेल बोगी से सुरक्षित बाहर निकालकर नजदीक के अस्पताल में भेजने का प्रदर्शन किया गया।

### प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए करें अनुकूल वातावरण निर्मित:मरकाम

**मोहला 21 नवंबर।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री जी.आर. मरकाम ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं आदिवासी विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों तथा प्राचार्यों की संयुक्त बैठक ली। इस अवसर पर श्री डीआर ध्रुव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर श्री जी.आर. मरकाम ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से जुड़े प्रकरण में पात्र विद्यार्थियों की संख्या, पूर्ण पंजीकरण, संस्थागत स्वीकृतियां तथा विद्यार्थियों के खातों में राशि हस्तांतरण को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। साथ ही राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान (रूसा) की प्रगति रिपोर्ट अद्यतन कर प्रस्तुत करने तथा महाविद्यालय एवं आईटीआई संस्थानों के इन्फ्रास्ट्रक्चर संबंधी आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर श्री मरकाम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत, रिक्त एवं भरे पदों की सटीक जानकारी, विषयवार सीटों एवं दर्ज विद्यार्थियों का अद्यतन डेटा तथा संस्थानों की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कमी को तत्काल दूर करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त छात्रों के जाति प्रमाण पत्र, ग्रंथालय में अध्ययन सामग्री, नेट/सेट एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण निर्मित तथा गत वर्ष के परीक्षा परिणामों की समीक्षा संबंधी कार्यों को भी समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

# महिला से मारपीट, प्रताड़ना का मामला,अपराध दर्ज

**भिलाई 21 नवंबर।** जामुल थाना क्षेत्र के एक महिला से मारपीट कर प्रताड़ना का मामला सामने आया है रिपोर्ट पर जामुल पुलिस मामले में धारा 85,115 (2) बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह ने बताया कि श्रीमती सारिका देवांगन (43 साल) निवासी पुरानी बस्ती बिजली आफिस के पास ग्राम कुरूद ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि तान्या देवांगन उनकी बेटी है। उसकी जान पहचान रायपुर के हेमंत अग्रवाल से वर्ष 2023 से था हेमंत अग्रवाल उनकी बेटी को आज से करीब डेढ़ वर्ष से अपने पास रायपुर में रखा था और आर्य



सामाज में झूठी शादी कर अपने साथ पत्नी के रूप में रखा था प्रार्थिया की बेटी हेमंत अग्रवाल के साथ नहीं रहना चाह रही थी। हेमंत अग्रवाल प्रार्थिया की बेटी को बहला फुसला कर अपने पास रखा था आज से करीब 1 माह पूर्व प्रार्थिया की बेटी रायपुर से भाग कर दुर्ग के सखी सेंटर आई थी, जहां से प्रार्थिया आज से करीब 15 दिन पहले अपनी बेटी को अपने घर लेकर आई थी। 19 नवंबर की सुबह 10.30 बजे हेमंत अग्रवाल अपने अन्य साथियों के साथ 2 कार में आकर प्रार्थिया की बेटी को मारपीट कर जबरदस्ती घर से उठाकर अपने साथ रायपुर ले गया है।

# सरपंच युगल किशोर के जन्मदिवस पर मुक्तिधाम में पौधारोपण एवं श्रमदान

**उतई 21 नवंबर।** सरपंच संघ अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान युगल किशोर साहू ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनों द्वारा श्रमदान कर मुक्तिधाम तालाब में वृक्षारोपण किया। इस दौरान बादाम,नीम,कदम,करण, गुलमोहर,आम, मोरसिरी, कचनार के 75 छायादार पौधे रोपित किये गए।जन्मदिन के अवसर पर मुक्तिधाम जैसे जगह का चयन करने को लेकर सरपंच ने कहा कि हम सबको अपने -अपने जीवन की विभिन्न यात्रओं के पश्चात इसी मुक्तिधाम में अंतिम यात्रा पर आना है और हमारे इस गांव के मिट्टी में समाना है इस जगह के वातावरण शुद्ध,शांतिमय, सौन्दर्यकृत और सुकून देने वाला बनाना हमारा नैतिक दायित्व है।इस अवसर पर सचिव धारेन कुमार देवांगन, उपसरपंच



दुष्यंत कुमार साहू,पंचगण गणपत साहू,मंशाराम साहू,असलम खान,महमूद खान, लोकेश साहू,भारती यादव,आशा पटेल,कौशिल्या साहू,कलिंदरी देवांगन,शैल देवांगन, उत्तरा गोस्वामी, दुर्पत निषाद,चितेश्वरी साहू,गायत्री साहू,सीता निषाद,चन्द्रिका देवांगन, नरेश यदु,ग्रामीण उपाध्यक्ष बलराम निर्मलकर, ग्रामीण कोषाध्यक्ष मंतराम यादव,शिक्षक अनिल कुमार साहू, वरिष्ठ नोहर सिंह साहू, रणमत साहू, थानसिंग साहू, राजेश कुमार देवांगन, शिव कुमार साहू,तोरण लाल साहू,जसलोक साहू,शाला विकास समिति अध्यक्ष नवाब खान,सोसाइटी अध्यक्ष फलेंद्र सिंह बैस,महाविद्यालय अध्यक्ष प्रवीण यदु,विधायक प्रतिनिधि ललित देवांगन,धनऊ ठाकुर,बिसनाथ साहू,शैल साहू,महेंद्र पटेल,चेतन सेन,डुमेश साहू,रिखी पटेल आदि ग्रामीणों ने बधाई व श्रमदान में सहयोगिता प्रदान किये।

### जावंगा स्थित ऑडिटोरियम में कृषक प्रशिक्षण सह किसान संगोष्ठी का आयोजन

# पशुपालन एवं दलहनी फसलों को बढ़ावा देने पर विधायक ने दिया जोर

दंतेवाड़ा, 21 नवंबर। **जिले में ज**नजातीय उप-योजना के अंतर्गत आज जावंगा स्थित ऑडिटोरियम में कृषक प्रशिक्षण सह किसान संगोष्ठी का आयोजन बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो कुशमौर, मऊ (उ.प्र.) तथा कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में जिलेभर से आए किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक श्री चैतराम अटामी ने कृषकों को प्रेरणादायी संदेश में कहा कि हमारे पूर्वजों की खेती प्राकृतिक अनुकूल परिस्थितियों पर आधारित थी, जहाँ तीन महीनों में फसल तैयार हो जाती थी। लेकिन समय के साथ जलवायु परिवर्तन ने खेती पर सीधा प्रभाव डाला है। ऐसे में किसानों के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों और आधुनिक तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे छोटे बच्चों को समय-समय पर टीकाकरण की जरूरत होती है, उसी प्रकार फसलों की भी नियमित देखभाल और उचित उपचार आवश्यक है। उन्होंने जिले में भूमिगत जल के अति दोहन एवं उसके दुष्प्रभाव का जिक्र करते हुए कहा कि जल संरक्षण किया जाना अब अनिवार्य हो गया है अन्यथा भावी पीढ़ी को इसका दुष्परिणाम भयावह जल संकट के रूप में झेलना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि पहले जहां 150 फीट पर पानी मिल जाता था, वहीं आज कई जगहों पर पानी 500 फीट से भी नीचे चला गया है। इस स्थिति से निपटने के लिए तालाब, चेक डैम, बाँध निर्माण और जल प्रबंधन पर ध्यान देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

विधायक श्री अटामी ने किसानों को परंपरागत फसलों जैसे सरसों, कुल्थी, राहर, उड़द की खेती को प्रोत्साहित करने, जैविक खेती अपनाने और हर घर में गाय पालन को बढ़ावा देने का आग्रह करते हुए कहा कि संगठित रूप से चरवाहा व्यवस्था अपनाकर पशुपालन को लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने अपने केरल प्रवास का उल्लेख करते हुए बताया कि वहां की उन्नत कृषि तकनीकों और फसल विविधता से जिले के किसानों को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने दंतेवाड़ा में जैविक कृषि बाजार की स्थापना और जैविक उत्पादों को उचित समर्थन मूल्य दिलाने के लिए सरकार के समक्ष मजबूत अनुशंसा करने की बात भी कही। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की तरक्की ही जिले के विकास की आधारशिला है, और किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि दोनों मिलकर लगातार प्रयासरत हैं।

इस क्रम में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कहा कि दन्तेवाड़ा जिला की एक बड़ी उपलब्धि यह है कि यह जैविक कृषि के मामले में अन्य क्षेत्रों आगे है। जहां अन्य क्षेत्र जैविक कृषि में जगह बनाने के लिए अपने प्रारंभिक प्रयास कर रहे है वहीं दन्तेवाड़ा जिला जैविक कृषि के चलते देष में अपना एक मुकाम बना चुका है। अब हमें जैविक कृषि के अगले चरण में उन्नत लक्ष्यों जैसे फसल उत्पादकता बढ़ाने के नवीन तरीकों तथा सतत कृषि की आवश्यकता, जैव उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, जैविक फसलों के बाजार मूल्य और मार्केटिंग जैसे बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित करना है। इसके साथ ही उन्होंने पीएम किसान निधि के तहत एक ही पटटे में परिवार के अन्य सदस्य को लाभान्वित करने, आधार अपडेशन शिविर के माध्यम से छूटे हितग्राहियों का आधार बनाने, संशोधन करने और धान उपार्जन केन्द्रों में अपनी अधिक से अधिक सहभागिता कराने की भी बात कही। संगोष्ठी के समापन पर अतिथियों के द्वारा चयनित हितग्राही को वर्मी बेड, सिंचाई लपेटा पाइप, कृषि कार्य में उत्कृष्ट प्रयास करने वाले प्रगतिशील कृषकों को प्रशस्ति पत्र दिए गए।

## समाचार संक्षेप

### डिप्टी सीएम कार्यालय में दिखी बेहतर स्वच्छता



**कवर्धा 21 नवंबर।** डिप्टी सीएम कार्यालय कवर्धा में बेहतर स्वच्छता देखा गया और जनता समस्याओं का भी त्वरित निराकरण होता है । डिप्टी सीएम कार्यालय के समस्त विभाग प्रभारी चेतन पांडेय , ओमकार साहू , प्रवीण परिहार ,अमर कुर्रे राम कुमार पटेल जनता के आवेदनों को पढ़ने के बात उन्हें सलाह देते है जिससे जनता के चेहरे में खुशी दिखती है । नशा मुक्त भारत अभियान के सवाल पर ओमकार साहू ने कहा की सभी स्टाफनशा से दूर रहते है । विकास कार्य के सवाल पर ओमकार साहू ने कहा की डिप्टी सीएम विजय शर्मा भैया के मार्गदर्शन में कवर्धा में युद्ध स्तर पर विकास जारी है और कबीरधाम जिले वासियों में हर्ष व्याप्त है ।

### मोतिनपुर में ग्रामीणों को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया




**कवर्धा 21 नवंबर।** बोड़ला ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के दिशा निर्देश में ग्राम मोतिनपुर में नशा मुक्त अभियान का संदेश देते हुए नशा से होने वाली कुरीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । नशा से केंसर और लीवर खराब होने की संभावना होती है उक्त जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अपील की गई जिंदगी चुनो तबाकू नहीं यह संदेश दिया गया । आर एच ओ शैलेन्द्र त्रिवेदी , सुपरवाइजर शोभा राम निषाद , सी एच ओ चंद्रमुखी मानकर , पी ए डी ए पंचम धुर्वे और मितानिन , आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया ।

### लखनपुर उपक्षेत्र अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी ने नशामुक्ति का संदेश दिया



**कवर्धा 21 नवंबर।** लखनपुर उपक्षेत्र अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी ने नशा मुक्त भारत अभियान योजना के तहत कबीरधाम जिला वासियों को नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया । बच्चों और युवाओं से विनम्र अपील की गुटखा ना खाए और बीडी , शराब से दूर रहे ।

### दुर्ग पुलिस ने नशे के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई



**भिलाई 21 नवंबर।** पूर्व में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस की पकड़ में आए आरोपियों से पूछताछ में दुर्ग पुलिस ने नशे के खिलाफबड़ी कार्रवाई कर दुर्ग में नशे की सप्लाई करने वाले नागपुर के मेडिकल संचालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) धमधा नाका मोर्चा प्वाइंट के पास वाहन चेकिंग के पुलिस चेकिंग के दौरान कीगगए आरोपियों के वाहन की डिक्की से सफेद रंग के पॉलीथिन में प्रतिबंधित टेबलेट अल्प्राजोलम व डायक्लोमिन बिक्री करने ले जाने पर प्रतिबंधित टेबलेट घटना में प्रयुक्त वाहन एवं मोबाइल जब्त कर पांच आरोपियों को मोहन नगर पुलिस ने मामले में धारा 8,22,27 (क) एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। विवेचना के दौरान नागपुर में इतवारी नागपुर न्यू लाइफमेडिकल संचालक अशद नोमान (42 साल ) निवासी सतरंजीपुरा थाना लकडगंज नागपुर महाराष्ट्र से पूछताछ करने पर अपने अन्य साथी दुर्ग निवासी शुभम निर्मलकर (30 साल) निवासी सिकोला बस्ती मोहन नगर के साथ प्रतिबंधित दवाई का बिक्री करना बताया। आरोपी अशद नोमान एवं शुभम निर्मलकर को को गिरफ्तार किया है इस प्रकरण में 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### घर में चोरी

**भिलाई 21 नवंबर।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के एक सूने मकान से सोने-चांदी के जेवरात व दुकान से सामान चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुरानी भिलाई पुलिस जांच कर रही है।

## एक नजर

### धान खरीदी सुगमता से जारी,अब तक 11875 मीट्रिक टन की खरीदी

**बलौदाबाजार, 21 नवंबर।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बिना किसी रुकावट के तेजी से जारी है। खरीदी शुरू हुए अभी मात्र पांच दिन हुए हैं और अधिकांश उपार्जन केंद्रों में धान की आवक जोर पकड़ने लगी है। जिले में अब तक 2846 किसानों से 11875 मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सभी केन्द्रों में धान खरीदने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में भी अब किसान उत्साह से धान खरीदी केंद्रों में धान लेकर पहुंच रहे हैं। उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। किसान टोकन तुंहर हाथ एप्प से आसानी से टोकन प्राप्त कर रहे है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 165012 किसान पंजीकृत है। कुल पंजीकृत रकबा 161455.69 हेक्टेयर एवं धान खरीदी का कुल अनुमति लक्ष्य 915400मेट्रिक टन है। 129 समिति एवं 166 उपार्जन केन्द्र के माध्यम से धान खरीदी जारी है।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 24 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 21 नवंबर।** प्राकृतिक आपदा से मृत 6 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 24 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 19 नवम्बर 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों मे कार्तिकराम पिता रामलाल निवासी ग्राम अमोदी तहसील टुण्डरा, तुलसी गोड़ पिता किस्नों गोड़, निवासी ग्राम घटमड़वा, तहसील टुण्डरा, पुनितराम पिता चिंताराम निवासी ग्राम पहंदा, तहसील पलारी, खेलाबाई पति स्व चौनुराम निवासी ग्राम धौराभाठा, तहसील पलारी, सावित्री पति रामखेलावन, निवासी ग्राम ओड़ान तहसील पलारी एवं गंगाप्रसाद पिता परदेशी पटेल निवासी ग्राम मरदा तहसील लवन शामिल है। पीड़ितों के निकट परिजनों के सर्पदंश, आग में जलने एवं तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### बैंको एवं बीमा कंपनी में लंबित राशि भुगतान के लिए आरबीआई शिविर आज

**बलौदाबाजार, 21 नवंबर।** जिले के विभिन्न बैंको एवं बीमा कंपनियों मे पछले दस वर्ष से अधिक समय तक लेनदेन नहीं करने वाले ग्राहकों की राशि भारतीय रिजर्व बैंक मे जमा है। इस राशि का भुगतान वास्तविक खाता धारकों या उनके वैध वारिसानो को करने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 21 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार मे शिविर आयोजित है। शिविर मे शामिल होकर लंबित राशि भुगतान का लाभ ले सकते हैं।

### रेत की चोरी करने वाले 8 लोगों को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 21 नवंबर।** प्रार्थी दीनबंधु धृतलहरे निवासी ग्राम तिल्दा (डोंगरा) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 25.08.2025 को ग्राम तिल्दा में खनिज विभाग बलौदाबाजार द्वारा अवैध रेत परिवहन एवं भंडारण करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आकलन गणना कर कुल 249 ट्रिप ट्रैक्टर ट्राली (लगभग 747 घन मीटर) कीमत ?1,71,810 को जप्त कर निलामी कार्यवाही एवं निराकरण तर्क सुरक्षार्थ देखरेख हेतु ग्राम पंचायत को सुपूर्दनामें पर दिया गया था, जिस पर आरोपियों द्वारा बिना अनुमति के एवं मना करने के बावजूद भी रात्रि के समय रेत को चोरी कर लिया गया। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 441/2025 धारा 305,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा जांच में विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया। विवेचना क्रम में पुलिस द्वारा ग्राम तिल्दा (डोंगरा) में ग्राम के निवासियों ग्राम जनप्रतिनिधियों से विस्तृत पूछताछ कर कथन लिया गया। सांथ ही खनिज विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का दस्तावेज भी प्राप्त किया गया। प्रकरण के विवेचना क्रम में पुलिस द्वारा घटना में शामिल कुल 08 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही पश्चात सुपूर्दनामें में दिए गए रेत को बिना अनुमति एवं मना करने के बावजूद भी चोरी कर ले जाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी आरोपियों को आज दिनांक 19.11.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर टेस्टिंग पायलट शहीद अरुण केशव सप्रे को किया सादर नमन

**रायपुर 21 नवंबर।** आज भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर टेस्टिंग पायलट रायपुर निवासी शहीद अरुण केशव सप्रे का उनकी 54वीं पुण्यतिथि पर रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित नगर निगम सामान्य सभा सभागार में उनके तैल चित्र के समक्ष सादर नमन करने संक्षिप्त एवं गरिमामयी पुष्पांजलि आयोजन रखा गया. रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से रखे गए पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी ने रायपुर निवासी शहीद अरुण केशव सप्रे के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया. शहीद अरुण



केशव सप्रे के सुपुत्र श्री मुनेश सप्रे ने शहीद का सादर नमन किया. यहां यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 21 नवम्बर 1971 को भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर टेस्टिंग पायलट रायपुर निवासी शहीद अरुण केशव सप्रे का आकस्मिक देवलोक गमन भारत और पाकिस्तान के युद्ध के दौरान भारतीय वायुसेना की युद्ध अभ्यास तैयारियों की सैन्य ड्यूटी के दौरान भारतीय वायुसेना के तत्कालीन युद्धक विमान मारूत को युद्ध के लिए तैयार करने के दौरान आकस्मिक दुर्घटना घटित होने से हुआ. भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर टेस्टिंग पायलट रायपुर निवासी शहीद अरुण केशव सप्रे की पुण्य मधुर स्मृतियाँ चिरस्थायी बनाने रायपुर नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन में रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा सादर उनका तैल चित्र लगाया गया और हर वर्ष उनकी जयन्ती 23 अप्रैल और पुण्यतिथि 21 नवम्बर को उनके तैल चित्र के समक्ष उनका सादर नमन करने नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नियमित पुष्पांजलि आयोजन रखा जाता है।

### राष्ट्रपति से सम्मानित होकर वापस जिला पहुँचने पर

# अधिकारी-कर्मचारियों ने किया कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा का आत्मीय अभिनंदन

**बालोद, 21 नवंबर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा 'जल संचय, जन भागीदारी' अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में हुए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित होने के पश्चात वापस जिले में आगमन पर जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने कलेक्टर श्रीमती मिश्रा की कुशल नेतृत्व में 'जल संचय, जन भागीदारी' अभियान के तहत बालोद जिले में उल्लेखनीय कार्यों की भूरी-भूरी सराहना भी की। अधिकारी-कर्मचारियों ने कहा कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जल संचय एवं जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले में हुए बेहतरीन कार्यों के फ्लस्वरूप बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में बालोद जिले के प्रथम स्थान प्राप्त होने का गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सफ्लतापूर्वक संपादित करने में हमारे टीम लीडर कलेक्टर श्रीमती दिव्या




उमेश मिश्रा का सतत मार्गदर्शन, प्रेरणा के साथ-साथ लक्ष्य को हासिल करने के लिए सटीक कार्य योजना बनाकर निर्धारित समयावधि में उसे कार्य रूप में परिणीत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिसके फ्लस्वरूप बालोद जिले को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के कर कमलों से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि जल संचय, जन भागीदारी अभियान (जेएसजेबी 1.0) के तहत पूर्वी जोन में शामिल बालोद जिला को बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंगलवार 18 नवंबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित 6वाँ राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचय, जन भागीदारी अवार्ड समारोह में कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा बालोद जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों के लिए बालोद जिले को 02 करोड़ रूपये का प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया गया। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के आज संयुक्त जिला कार्यालय पहुँचने पर अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक, श्री अजय किशोर लकरा एवं श्री नूतन कंवर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष एसडीएम गुण्डरदेही श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर सहित जिला प्रशासन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिले के अधिकारी-कर्मचारियों ने संयुक्त जिला कार्यालय के प्रवेश द्वार पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा की आगवानी की और कलेक्टर श्रीमती मिश्रा के आगमन के पश्चात् आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए संयुक्त जिला कार्यालय स्थित उनके कक्ष तक ले गए। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने जिले के अधिकारी-कर्मचारियों के आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर बालोद जिले को मिले इस महत्वपूर्ण उलपब्धि का श्रेय इस कार्य से जुड़े सभी लोगों के अलावा जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं मीडिया कर्मियों सहित संपूर्ण जिलेवासियों को दिया है।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पर प्रधानपाठक एवं दो सहायक शिक्षक निलंबित

**बलौदाबाजार, 21 नवंबर।** अनुशासनहीनता को बढ़ावा देने, शराब पीकर विद्यालय आने, शाला समय में अनुपस्थित, निर्वाचन कार्य में बी.एल.ओ. की ड्यूटी लगाये जाने के बाद भी जिम्मेदारीपूर्वक कर्तव्य का निर्वहन नहीं करने सम्बन्धी शिकायत पर कड़ी कार्यवाही करते हुए प्रभारी प्राचार्य एवं दो सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी विकासखंड सिमगा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मोटियारीडीह में पदस्थ प्रधानपाठक उमेश कुमार वर्मा एवं सहायक शिक्षक (एल.बी.) संदीप कुमार साहू द्वारा मद्यपान कर शाला आने एवं शाला समय में अनुपस्थित पाये गए।इसी तरह विकासखंड सिमगा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दर्रीपारा केसदा में पदस्थ सहायक शिक्षक (एल.बी.) मिथलेश कुमार वर्मा का निर्वाचन कार्य में बी.एल.ओ की ड्यूटी लगाये जाने के बाद भी जिम्मेदारीपूर्वक कर्तव्य का निर्वहन नहीं किया गया। प्रधान पाठक एवं शिक्षकों के उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 9 के विपरीत मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधानपाठक उमेश कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक (एल.बी.) संदीप कुमार साहू एवं मिथलेश कुमार वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कसडोल एवं पलारी नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# कर्तव्य में लापरवाही और कदाचरण मामले में ब्लाक सिमगा के 5 शिक्षक किए गए निलंबित

**सिमगा/बलौदाबाजार 21 नवंबर।** स्कूली शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और शासकीय कार्यों में लापरवाही के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, बलौदाबाजार द्वारा विकासखंड सिमगा के चार शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिरी है। इन शिक्षकों को अलग-अलग मामलों में कदाचरण और शासकीय कार्य में घोर लापरवाही का दोषी पाया गया है।

मामला 1: मदिरा सेवन और अनुशासनहीनता विद्यालय की गरिमा को धूमिल करने और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत कार्य करने के आरोप में निम्नलिखित तीन शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है: श्री विजय कुमार ध्रुव सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर सिमगा। श्री नरेंद्र कुमार ध्रुव, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला, चोरहानवागांव। श्री उमेश कुमार वर्मा, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला, मोटियारीडीह। श्री संदीप साहू, सहायक शिक्षक (एलबी), शासकीय प्राथमिक शाला, मोटियारीडीह उक्त शिक्षकों पर विद्यालयीन समय में मदिरा सेवन/अशोभनीय आचरण और पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिसके आधार पर यह अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है।

मामला 2: निर्वाचन कार्य में लापरवाही इसके अतिरिक्त, निर्वाचन आयोग के अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य 'विशेष गहन पुनरीक्षण' में लापरवाही बरतने पर भी एक शिक्षक पर कार्यवाही की गई है: श्री मिथलेश कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक (एलबी), शासकीय प्राथमिक शाला, केसदा श्री वर्मा बी.एल.ओ. के रूप में कार्यरत थे। इनके द्वारा निर्वाचन कार्य में रुचि न लेने और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने के कारण, अनुविभागीय अधिकारी सिमगा के प्रस्ताव पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन आदेशः जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उक्त पांचों शिक्षकों का निलंबन तत्काल प्रभाव से लागू होगा। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय नियमानुसार निर्धारित कार्याल रहेगा और इन्हें केवल नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# ब्लॉक कांग्रेस ने बीएलए के लिए एसआईआर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की

**सिमगा 21 नवंबर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी बीएलए की बैठक लेकर स्ढ्रक्र के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव न एसआईआर प्रक्रिया की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि एसआईआर केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह चुनाव प्रणाली की रीढ़ है। प्रत्येक बीएलओ की जिम्मेदारी है कि बूथ स्तर पर सटीक जानकारी दर्ज कर पारदर्शिता बनाए रखें। चुनाव आज तकनीकी हो गया है, इसलिए हमारी तैयारी



भी उतनी ही सुदृढ़ होनी चाहिए। यह कार्य केवल फॉर्म भरने का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सुरक्षा का दायित्व है। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने बीएलए को फार्म भरने की विधि विस्तार से समझाते हुए कहा कि फॉर्म का हर कॉलम महत्वपूर्ण है। कोई भी जानकारी अधूरी या गलत न रहे, यह सुनिश्चित करना जरूरी है। एक बूथ का बीएलए पूरे विधानसभा की चुनावी दिशा प्रभावित कर सकता है। अतः तकनीकी दक्षता और सावधानी दोनों आवश्यक हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। एसआईआर के फॉर्म भरते समय अत्यंत सजग रहें, क्योंकि छोटी-सी गलती भी मतदाता सूची की शुद्धता को प्रभावित कर सकती है। बूथ से जिला तक कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य है, और इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं की सक्रियता जरूरी है। कार्यक्रम में डॉ. के.के. नायक, हिरेंद्र कोसले, कुबेर यदु,मोहन गायकवाड, सुनील माहेश्वरी, रमेश धृतलहरे, दिनेश साहू, हीरालाल साहू, लोमन घृतलहरे, लाला वर्मा, दीनबंधु शर्मा,दशरथ चंद्राकर, अजीत भट्ट, देवचरन मार्कण्डेय, धन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### किसान अब 25 नवंबर तक तहसील कार्यालय से करा सकते है धान बिक्री के लिए नवीन पंजीयन और रकबा संशोधन

**बालोद, 21 नवंबर।** खरीफवर्ष 2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान, वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही हेतु 25 नवंबर 2025 तक अतिरिक्त समय का प्रावधान किया है। किसान इसके लिए अपने संबंधित तहसील कार्यालय में जाकर पंजीयन और रकबा संशोधन का कार्य करा सकते हैं। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने समस्त तहसीलदारों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि खरीफ वर्ष 2025 में एकीकृत किसान पोर्टल के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही 01 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक करने का निर्देश जारी किया गया था। किन्तु किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान, वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन के लिए 19 नवंबर से 25 नवंबर तक एक सप्ताह अतिरिक्त समय का प्रावधान पोर्टल के तहसील लॉगिन में किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 28 साल की सजा

**बलौदाबाजार 21 नवंबर।** थाना हथबंद पुलिस की उत्कृष्ट विवेचना एवं जांच कार्यवाही से नाबालिक बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गया 28 वर्ष कारावास की सजा से दंडित माननीय अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा श्री सतीश कुमार जायसवाल द्वारा किया गया दंडादेश पारित।थाना हथबंद पुलिस द्वारा एक नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 110/2024 धारा 363,366,376 एवं धारा 04,06 पाक्सो एक्ट का प्रकरण



पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना हथबंद पुलिस द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करते हुए उत्कृष्ट विवेचना एवं जांच कार्यवाही कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर, चालान माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। माननीय अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा श्री सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता एवं साक्ष्यों के परिशीलन करने बाद आरोपी द्वारा किया गया, अपराध सिद्ध होना पाया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी पुनेश चतुर्वेदी उम्र 24 साल निवासी ग्राम खिलोरा थाना हथबंद को भादवि की धारा 363 में 03 वर्ष कठोर कारावास एवं ?100 अर्थदंड, धारा 366 में 05 वर्ष कठोर कारावास एवं ?500 अर्थदंड, पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष कठोर कारावास एवं ?500 अर्थदंड से दंडित किया गया है। इस प्रकार आरोपी को कुल 28 वर्ष कठोर कारावास के साथ कुल ?1100 का जुर्माना आदेशित किया गया है। प्रकरण की संपूर्ण विवेचना एवं जांच कार्यवाही प्रधान आरक्षक 119 अश्विनी वर्मा एवं आरक्षक 630 उमाशंकर कुर्रे थाना हथबंद द्वारा किया गया है।

### हत्या के आरोपियों को हुई आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई



**बलौदाबाजार 21 नवंबर।** आरोपी करण बघेल और दौलत सोनवानी द्वारा भैंसापसरा बलौदाबाजार में वृद्धा आश्रम के पास रहने वाले कमला साहू के मकान में बाहर से कुंडी लगाकर आग लगा दिया गया, जिसमें घर अंदर सो रहे कमला साहू और सोनू साहू उर्फ़ गोलू की मृत्यु हो गई तथा परिवार के अन्य सदस्य संध्या साहू एवं रानू साहू गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 153/2024 धारा 302,307,436,342,120बी भादवि के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्रवाई में पाया गया कि आरोपी नशे के आदि थे तथा मृतिका के घर के सामने नशा कर अक्सर गाली-गलौच करते थे। घटना दिनांक वाली रात गाली गलौज करने से मना करने पर आरोपीगण द्वारा मृतिका को उसके घर में आग लगा देने की धमकी दिया गया था। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करते हुए उत्कृष्ट विवेचना एवं जांच कार्यवाही कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर, चालान माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। माननीय न्यायालय द्वितीय सत्र न्यायाधीश श्रीमती संजया रात्रे ने प्रकरण की गंभीरता एवं साक्ष्यों के परिशीलन करने बाद आरोपियों द्वारा किया गया, अपराध सिद्ध होना पाया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोनों आरोपियों को भादवि की धारा 120 में आजीवन कारावास एवं ?500-500 अर्थदंड, धारा 342 में 01 वर्ष का साधारण कारावास, धारा 436 के तहत 10-10 वर्ष का कठोर कारावास एवं ?1000-1000 का अर्थदंड, धारा 302 (दो बार) के तहत आजीवन कारावास (दो बार) तथा ?1000,-1000 अर्थदंड (दो बार) तथा धारा 307 (दो बार) के साथ 10-10 वर्ष का कठोर कारावास (दो बार) एवं ?1000-1000 का अर्थदंड दो बार की सजा सुनाई गई है है तथा सभी सजाएं साथ-साथ भुगताने का आदेश किया गया है। प्रकरण की संपूर्ण विवेचना एवं जांच कार्यवाही निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा किया गया है।

### राजा सोना चांदी ज्वेलर्स बलौदाबाजार में चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 21 नवंबर।** प्रार्थी रजनीश केसरवानी निवासी बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह राजा सोना चांदी ज्वेलर्स दुकान का संचालक है। कि घटना दिनांक 16.11.2025 की दरम्यानी रात को अज्ञात आरोपी द्वारा उसकी दुकान के चैनल गेट में लगे ताला को तोड़कर, शटर उठाकर दुकान में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम ?10,000 कुल कीमती ?3,50,000 को



चोरी कर लिया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध 1133/2025 धारा 351(4),305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का भी गहन अवलोकन किया गया, जिसमें एक व्यक्ति दुकान के आसपास रात के समय संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पाया गया। इस आधार पर पहचान कार्यवाही करते हुए आरोपी धनेश निषाद को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा राजा ज्वेलर्स की दुकान का ताला तोड़कर उसमें चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपी से ?1,00,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का जेवर बरामद किया गया तथा प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### भाजपा ने जताया विरोध, जल्द संज्ञान नहीं लिया गया तो होगा थाना घेराव - रामजी भारती

# आधी रात निर्वाचित भाजपा पार्षद के घर बलपूर्वक तलाशी का प्रयास

**वारंटीयों की तलाशी के दौरान किसी के घर के अंदर प्रवेश नहीं किया गया - थाना प्रभारी**

**डोंगरगढ़ 21 नवंबर।** भाजपा की निर्वाचित पार्षद के घर में 17 नवम्बर की आधी रात पुलिस के द्वारा बलपूर्वक तलाशी की घटना पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती द्वारा जमकर विरोध जताने की जानकारी भाजपा मीडिया ग्रुप द्वारा दी गई है। बताया गया कि, वार्ड क्रमांक 14 की निर्वाचित महिला पार्षद के घर आधी रात बिना वारंट के पुलिस की तलाशी किस न्यायालीय प्रक्रिया के तहत सही है, पुलिस बताएं?





अगर पुलिस विभाग इस मामले में जल्द संज्ञान नहीं लेता है तो भाजपा का हर एक कार्यकर्ता आने वाले दिनों में थाने का घेराव करेगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस की होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला पार्षद ने पूरी घटना की शिकायत एसडीओपी डोंगरगढ़ को की है। वही पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे व शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना ने बताया कि इस रात शहर में और भी कई प्रतिष्ठानों पर ऐसे ही बलपूर्वक माहौल बनाकर लोगों को डराने का प्रयास किया गया। जो की काफी निंदनीय है। घटना की शिकायत एसडीओपी डोंगरगढ़ से करने के बाद भाजपा पार्षद ने बताया कि 17 तारीख की रात 12:30 बजे के करीब मैं अपनी मम्मी के साथ घर में अकेली थी। इस दरमियान स्थानीय थाना प्रभारी संतोष जायसवाल 15 से अधिक संख्या

में बल लेकर मेरे घर में घुसने का प्रयास कर रहे थे। जिसकी जानकारी मुझे आसपास के लोगों के द्वारा देखी व बताई गई है। मेरे द्वारा भी ऐसी हलचल देखी गई। इस घटना के बाद मेरा पूरा परिवार डरा हुआ है। इस घटना से, शहर में मेरी छवि धूमिल हुई है। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा पुलिस के उच्च अधिकारियों के साथ पार्टी के बड़े नेताओं से की गई है। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी संतोष जायसवाल ने बताया की वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में वारंटियों की तलाशी अभियान के तहत एसडीओपी व वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न टुकड़ों में बटे गस्त दल द्वारा थाना क्षेत्र के अन्य वार्डो/ग्रामों की तरह सघन रूप से वार्ड नंबर 14 के चार वारंटीयों की तलाश की जा रही थी। जो लंबे समय से फरार थे। इस दौरान वार्ड के जनप्रतिनिधि के नाते आवश्यक जानकारी लेने पार्षद के घर का दरवाजा भी खटखटाया गया था। किंतु न तो उन्होंने दरवाजा खोला न ही किसी ने घर के भीतर प्रवेश किया। नवनियुक्त एसपी अंकित शर्मा की नियुक्ति से धर्मनगरी में व्याप्त अवैध कारोबार में प्रतिबंध सा लग गया है। पुलिस बल द्वारा शराब, जुआं सट्टा के अलावा लंबे समय से फरार वारंटियों की तलाशी भी तेज कर दी गई है। शहरवासी खुलकर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली का स्वागत कर रहे हैं। आम जनों का मानना है कि, महिला पार्षद द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर उठाए गए सवाल की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जाने की आवश्यकता प्रतीत हो रही है। ताकि महिला पार्षद का मान सम्मान बना रहे और पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी उठे सवाल पर विराम लग सके, ताकि धर्मनगरी में गरिमा अनुकूल माहौल कायम हो सके।

# पैसे बचते हैं, मिलते हैं तो अच्छा लगता है

किसी भी देश में, किसी भी देश में सरकार की किसी योजना से आम लोगों को पैसे बचते हैं, पैसे मिलते हैं तो उनको अच्छा लगता है। जो सरकार पैसे बचाती है, पैसे देती है, वह ज्यादा से ज्यादा लोगों को अच्छी लगती है। जो सरकार अच्छी लगती है, उसको लोग चुनाव में वोट भी देते हैं और जिताते भी हैं।कोई भी राजनीतिक हो, वह आम लोगों के पैसे बचाता है या पैसे देता है तो इसलिए नहीं देता है कि वह महंगाई के दौर में लोगों की आर्थिक मदद करना चाहता है। वह पैसे बचाता है, पैसे देता है तो इसलिए देता है कि जब चुनाव का मौका आएगा तो लोग पैसे बचाने व पैसे देने के बदले में उसको वोट दें।जब चुनाव चल रहा होता है तो राजनीतिक दल ऐसा प्रचार करते हैं कि वह योजना का लाभ सब लोगों को देना चाहते हैं लेकिन जैसे ही सरकार बन जाती है तो वह कम से कम लोगों को पैसे देकर, कम से कम लोगों के पैसे देकर पैसे बचाने की सोचने लगती है। साय सरकार भी अन्य सरकारों की तरह ही है, उसमें और दूसरी सरकारों में पैसे बचाने के मामले में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है।भूपेश सरकार ने १८ के चुनाव में बिजली बिल हाफ योजना का वादा किया था। यानी राज्य के सभी लोगों को ४०० यूनिट बिजली की खपत पर दो सौ यूनिट का पैसा देना था। कांग्रेस की सरकार बनने के पीछे एक कारण यह योजना भी थी। कांग्रेस की सरकार पर पांच साल लोगों को इस योजना का लाभ मिला। इससे लोगों को कुछ सौ से लेकर हर माह एक हजार रुपए की बचत होती थी। यह कांग्रेस सरकार की लोकप्रिय योजना थी। इसलिए जब २३ का चुनाव हुआ तो भाजपा महतारी वंदन, धान ३१०० मे खरीदने आदि कारणों से जीती। भाजपा की अपनी पैसे देने की योजनाएं थी, इसलिए सरकार बनने के बाद

## संपादकीय

उसका खर्च वैसे ही बढ़ गया था। उसके लिए पिछली सरकार के समय की योजनाओं को बंद कर पैसे बचाना जरूरी था। वह चाहती तो हाफ बिजली योजना सरकार बनते ही बंद कर सकती थी लेकिन लोगों की नाराजगी के डर से उसने कहा कि बिजली हाफ योजना सरकार बंद नहीं कर रही है। साय सरकार को योजना बंद करना तो शुरू से करना था या फिर इसे लागू करना था तो पांच साल के लिए लागू करना था। सरकार से चूक यह हो गई कि उसने एक साल तक तो बिजली बिल हाफ योजना का लाभ लोगों को दिया और उसके बाद अचानक फैसला किया १०० यूनिट तक ही बिजली बिल हाफ होगा यानी पहले की तुलना में फायदे को कम कर दिया गया। कहा गया सरकार लोगों को हाफ बिजली की जगह मुफ्त बिजली देना चाहती है,इसके लिए उसने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू की, इसका खूब प्रचार प्रसार भी किया लेकिन इस योजना के तहत बड़ी संख्या में लोग सामने नहीं आए।मुफ्त बिजली योजना का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने नहीं उठाया उस पर सरकार के पास पार्टी के लोगों से ही यह खबर पहुंची की बिजली बिल हाफ योजना बंद किए जाने से लोग नाराज हैं।इस नाराजगी को दूर करना जरूरी है तो सीएम साय ने एक कार्यक्रम में घोषणा की सरकार दो सौ यूनिट तक हाफ करने की सोच रही है और पुराने विधानसभा भवन में आखिरी दिन उन्होंने घोषणा की बिजली बिल २०० यूनिट तक आधा होगा। साय सरकार को १०० यूनिट को बढ़ाकर २०० यूनिट करना पड़ा है तो वह भले ही इसका कारण यह बताए कि अभी राज्य में सौर पैनल लगाने की रफ्तार कम है, इसलिए सरकार ने लोगों को १०० की जगह २०० यूनिट बिजली बिल हाफ योजना का लाभ देने का फैसला किया है। आंकड़ों के मुताबिक सौ यूनिट तक माफ करने से ३६ लाख लोगों को फायदा होगा।सरकार और ज्यादा लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए कहा है कि २०० से ४०० यूनिट तक खपत करने वाले लोगों को अगले एक साल तक २०० यूनिट तक हाफ बिजली का लाभ होगा। इस योजना का फायदा दिसंबर से मिलेगा। हकीकत में राज्य सरकार राज्य के लोगों की नाराजगी कम करना चाहती है। इससे लोगों का नाराजगी कम तो होगी। इसका राजनीतिक नुकसान साय सरकार को हो सकता है क्योंकि कांग्रेस सरकार को मांग करने का मौका मिल गया है कि साय सरकार जनता को कांग्रेस सरकार के समय जितना लाभ मिल रहा था, उनता लाभ दे।सरकार कह सकती है कि वह जितना लाभ दे रही थी, उससे दुगुना दे रही है लेकिन कांग्रेस की बात लोगों को अच्छी लगेगी क्योंकि कांग्रेस के समय जितना लाभ मिल रहा था अब सभी लोगों को उतना लाभ नहीं मिल रहा है।सरकार एक बार झुक गई है तो कांग्रेस उसे और झुकाने का प्रयास तो करेगी ही। कांग्रेस लोगों को बताने का प्रयास करेगी कि साय सरकार के समय से ज्यादा लाभ लोगों को कांग्रेस के समय मिल रहा था।

# क्या माइक्रोप्लास्टिक से बिगड़ रही दिल्ली की सेहत ?

सेहत

सुनील कुमार महला



जहरीली हवा ने जहां एक ओर दिल्ली वालों की दिनचर्या बदल दी है, वहीं दूसरी ओर प्रदूषित हवा ने बच्चों, बुजुर्गों समेत महिलाओं के समक्ष अनेक प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं खड़ी कर दीं हैं।सच तो यह है कि साल दर साल राजधानी में प्रदूषण से परेशानियां बढ़ती ही चली जा रही हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि दिल्ली पिछले कई वर्षों से प्रदूषण की मार झेल रही है। यहां तक कि गर्भस्थ शिशुओं तक पर प्रदूषण का व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। इस क्रम में यदि हम जन्म पंजीकरण के आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले वर्ष जन्म लेने वाले 30.31 प्रतिशत नवजात शिशुओं का वजन दो किलोग्राम तक था। वहीं, वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 31.54 प्रतिशत था। गौरतलब है कि जन्म के समय नवजात का वजन ढाई किलोग्राम से कम हो तो उसे सामान्य से कम माना जाता है। ऐसे में जन्म के समय सामान्य से कम वजन वाले नवजात शिशुओं की संख्या 30-31 प्रतिशत से अधिक है। इतना ही नहीं, एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में छपी एक खबर के अनुसार चांदनी चौक की हवा में प्लास्टिक के कण भी पाये गये हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जैसा कि दैनिक ने लिखा है-'चेन्नई और मुंबई की तुलना में कोलकाता और दिल्ली की आबोहवा में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी कहीं अधिक है। इस वजह से इन दोनों शहरों की हवा में प्लास्टिक के ऐसे सूक्ष्म अंश अधिक हैं, जो सांस के जरिये शरीर में पहुंच सकते हैं। इस तरह के आइएमपी (सांस के साथ शरीर में पहुंचने योग्य माइक्रो प्लास्टिक) का कोलकाता में स्तर 14.23 माइक्रोग्राम घन मीटर और दिल्ली में 14.18 माइक्रोग्राम घन मीटर पाया गया। चेन्नई और मुंबई के वातावरण में इसकी मौजूदगी बहुत कम रही।' बताता चलूं कि खराब कूड़ा प्रबंधन इसके लिए जिम्मेदार है । वास्तव में, सर्दी के मौसम में प्रदूषण बढ़ने के साथ हवा में माइक्रो प्लास्टिक का स्तर भी 14 से 71 प्रतिशत बढ़ जाता है। दरअसल,यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि सर्दियों में कूड़े का ठीक से प्रबंधन नहीं हो पाता और लोग सिंथेटिक कपड़े ज्यादा पहनते हैं। ठंड की वजह से हवा नीचे ही अटकी रहती है, जिससे प्रदूषण ऊपर नहीं उठ पाता। इस मौसम में पैकेट वाले खाने और प्लास्टिक वाले सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल भी बढ़ जाता है, जिससे प्लास्टिक कूड़ा ज्यादा बनता है। दिल्ली के चांदनी चौक और सरोजिनी नगर जैसे बाजारों में हवा में माइक्रोप्लास्टिक ज्यादा पाया गया है। बहरहाल, क्या यह चिंताजनक बात नहीं है कि राजधानी में 22 स्थानों पर प्रदूषण का स्तर हाल ही में 400 पार कर गया।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, 19 नवंबर 2025 को बुधवार के वायु गुणवत्ता सूचकांक में 18 नवंबर 2025 मंगलवार की अपेक्षा लगभग 20 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। गौरतलब है कि मंगलवार को मानक एक्यूआई 374 दर्ज किया गया, जबकि बुधवार को यह 392 दर्ज किया गया। शाम 7 बजे 22 जगहों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से ऊपर दर्ज किया गया, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। वास्तव में,हवा की गति कम, तापमान में गिरावट और आंशिक रूप से बादल छाए रहने के कारण राजधानी में प्रदूषण के



स्तर में लगातार पिछले कुछ दिनों से एक्यूआई 300 से अधिक है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राजधानी में बुधवार की सुबह 8 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 391 दर्ज किया गया। इसी के साथ दिल्ली में लगातार छठे दिन वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही। बहरहाल, दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में दिल्ली और दिल्ली एनसीआर के कई क्षेत्र लगातार शामिल होते रहे हैं। यहाँ सर्दियों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब स्तर तक पहुँच जाती है, क्योंकि वाहन धुआँ, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण धूल और आसपास के राज्यों में पराली जलने का असर मिलकर प्रदूषण बढ़ा देते हैं। ठंडी हवा और कम हवा की रफ्तार प्रदूषित कणों को जमीन के पास रोके रखती है, जिससे पीएम$_{2.5}$ और पीएम$_{10}$ का स्तर तेजी से बढ़ जाता है। दिल्ली के साथ-साथ नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद भी अक्सर 'बहुत खराब' या 'गंभीर' श्रेणी में पहुँच जाते हैं। इस प्रदूषण से साँस और हृदय संबंधी बीमारियाँ बढ़ती हैं और बच्चों-बुजुर्गों पर इसका सबसे ज्यादा असर होता है। लगातार बढ़ते प्रदूषण ने दिल्ली-एनसीआर को वैश्विक स्तर पर अत्यधिक प्रदूषण प्रभावित क्षेत्र बना दिया है। इसी क्रम में हाल ही में शीर्ष अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों को नवंबर-दिसंबर में प्रस्तावित खेल स्पर्धाएं स्थगित करने का निर्देश देने पर भी विचार करने को कहा है। गौरतलब है कि सुनवाई के दौरान न्यायमित्र एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने पीठ को बताया कि एनसीआर के कई स्कूल नवंबर में भीषण वायु प्रदूषण के बीच खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, जब बड़े लोग एयर प्यूरीफायर चालू करके बंद जगहों पर बैठे होते हैं, तो बच्चे खुले 'गैस चैंबर' में खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे होते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। इसके बाद, मुख्य न्यायाधीश गवई ने सीएक्यूएम से कहा, स्कूलों में खेल गतिविधियों को सुरक्षित महीनों में आयोजित कराने पर विचार करने को कहा। बहरहाल,सरल शब्दों में कहें तो हर साल ठंड शुरू होते ही विशेषकर नवंबर , दिसंबर और जनवरी के महीनों में दिल्ली-एनसीआर की हवा इतनी खराब हो जाती है कि लोगों का स्वस्थ रहना मुश्किल हो जाता है, लेकिन दुख की बात यह है कि लगातार बढ़ती इस समस्या को रोकने के लिए प्रभावी व कारगर कदम उठाने के बजाय अलग-अलग स्तर पर लापरवाही दिखाई देती है, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है।ऐसे समय में यह चाहिए कि स्कूल-कालेज बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खेलकूद या बाहरी गतिविधियों के लिए साफ-सुथरे नियम बनाएं, ताकि बच्चे जहरीली हवा से बच सकें। मगर अक्सर होता यह है कि कार्यक्रम बनाते समय प्रदूषण के खतरे को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बच्चों की सेहत पर और ज्यादा असर पड़ता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि दिल्ली-एनसीआर में हर साल सर्दियों की शुरुआत के साथ हवा इतनी जहरीली हो जाती है कि बच्चों के लिए बाहर खेलना भी खतरे से भरा हो जाता है। इसके बावजूद कई बार स्कूल और अधिकारी खेल गतिविधियों की योजना बनाते समय इस स्थिति को नजरअंदाज कर देते हैं।इसी वजह से माननीय सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से कहा कि वह नवंबर-दिसंबर में होने वाली स्कूलों की खेल प्रतियोगिताएँ सुरक्षित महीनों तक टालने पर विचार करे। इसके बाद आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और यूपी(उत्तर प्रदेश) जैसे राज्यों को यह सलाह दी है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए इस दौरान होने वाली शारीरिक और खेल गतिविधियाँ स्थगित की जाएँ, जैसा कि सर्दियों में धुंध, ठंड और प्रदूषण बढ़ने से दिल्ली-एनसीआर की हवा कई बार गैस चेंबर जैसी हो जाती है और साफ हवा में सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। वास्तव में, दिल्ली और दिल्ली-एनसीआर में हाल के महीनों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब स्तर पर बनी हुई है। कई इलाकों में एक्यूआइ (एयर क्वालिटी इंडेक्स) अक्सर 300 से 400 के बीच दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है, जबकि कुछ स्थानों पर यह 400 से ऊपर पहुंचकर 'गंभीर' स्तर तक पहुंच गया। मीडिया में उपलब्ध खबरों से जानकारी मिलती है कि दिवाली और ठंड की शुरुआत के दौरान प्रदूषण और तेजी से बढ़ गया, जिससे पीएम 2.5 जैसे खतरनाक कणों का स्तर राष्ट्रीय मानकों से दो से तीन गुना तक अधिक पाया गया। वातावरण में इन सूक्ष्म कणों की मौजूदगी आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और फेफड़ों पर या यूं कहें कि हमारे स्वास्थ्य पर सीधा असर डालती है। दिल्ली-एनसीआर के कई मॉनिटरिंग स्टेशनों ने लगातार कई दिनों तक खराब-से-अत्यधिक खराब हवा दर्ज की, जो बताता है कि सुधार की कोशिशों के बावजूद हालात स्थिर नहीं हो पा रहे। हालांकि, साल के कुछ महीनों में औसत एक्यूआइ में मामूली सुधार देखने को मिला, लेकिन सर्दियों के दौरान हवा की गुणवत्ता फिर तेज़ी से गिर जाती है। कुल मिलाकर, यह स्थिति शहर के बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा या हृदय रोग से पीड़ित लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य खतरा पैदा करती है और साफ हवा सुनिश्चित करने के लिए लगातार, सख्त और समन्वित प्रयासों की जरूरत को रेखांकित करती है। निष्कर्षतः, यह बात कही जा सकती है कि बढ़ते प्रदूषण के बीच बच्चों की सेहत को प्राथमिकता देना अनिवार्य है। अदालतों की सख्त टिप्पणियों के बावजूद स्कूलों में खेल गतिविधियाँ न रोकना स्पष्ट लापरवाही है। सर्दियों में जब कई शहरों की हवा 'गंभीर' स्तर पर पहुँच जाती है, तब एकरूप और कड़ी नीति लागू करना ही इस समस्या से निपटने का व्यावहारिक समाधान है। वास्तव में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए सबसे पहले स्वच्छ ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा देना जरूरी है, ताकि कोयला, डीज़ल और पेट्रोल से होने वाले उत्सर्जन में कमी आए। दूसरा, सार्वजनिक परिवहन को मजबूत कर लोगों को निजी वाहनों की जगह बस, मेट्रो और साझा यातायात का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। तीसरा प्रभावी उपाय औद्योगिक इकाइयों में उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण लगाना है, जिससे धुआं और हानिकारक गैसों को फिल्टर करके ही हवा में छोड़ा जा सके। चौथा, हरित क्षेत्र और पेड़-पौधों की संख्या बढ़ाना हवा की गुणवत्ता सुधारने में बेहद सहायक है, क्योंकि ये प्रदूषक कणों को सोख लेते हैं। अंत में, कचरा प्रबंधन और पराली जलाने पर सख्त नियंत्रण व जागरूकता जरूरी है, ताकि धुएं और जहरीले कणों के फैलाव को रोका जा सके।

## सू- दोकू क्र.235

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.234 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -235

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 234 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्ष | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## राशिफल

मेष : गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन मेष राशि वालों के लिए बहुत अच्छा है. अपनी ऊर्जा और उत्साह से आप अपने जीवन के हर पहलू में सकारात्मकता ला पाएँगे. आप अपने आस-पास के लोगों के साथ मधुर संबंध बनाने के लिए प्रेरित महसूस करेंगे.

वृषभ गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन वृषभ राशि वालों के लिए विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण रहेगा. आपकी भावनाएँ और मानसिक स्थिति कुछ अस्थिर हो सकती है, जिससे आप कई बातों को लेकर बेचैनी महसूस कर सकते हैं. आप अपने करीबी रिश्तों में असुरक्षा या संघर्ष का अनुभव कर सकते हैं.

मिथुन गणेशजी कहते हैं कि मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा. आप ऊर्जा से भरपूर महसूस कर सकते हैं, लेकिन किसी कारणवश आपका मन अशांत रहेगा. रिश्तों में कुछ उथल-पुथल या तनाव हो सकता है, शायद छोटी-छोटी बातों पर आपके और आपके किसी करीबी के बीच मतभेद हो सकते हैं.

कर्क गणेशजी कहते हैं कि कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन विशेष रूप से सकारात्मक और उत्साहवर्धक है. यह समय आपके समग्र जीवन में उत्कृष्टता का संकेत देता है. आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे और आपके आस-पास की ऊर्जा भी इसे बढ़ाने में मदद करेगी. आपकी भावनाएँ अब ऊर्जा और जीवंतता से भरी होंगी, जिससे आपके व्यक्तिगत संबंध भी बेहतर होंगे.

सिंह गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है! आज की ऊर्जा आपको जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मकता और उत्साह से भर देगी. आप अपने आस-पास के लोगों के साथ बेहतर संबंध बना पाएँगे. आपके प्रयास निस्संदेह फल देंगे, और दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने से आपको अपार खुशी और संतुष्टि मिलेगी. आज आपका नेतृत्व कौशल निखरेगा और लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे.

कन्या गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन कन्या राशि वालों के लिए विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण साबित होगा. वातावरण आपके विचारों को बढ़ा सकता है. आप छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव महसूस कर सकते हैं, जिसका असर आपके मूड पर पड़ सकता है. यह समय खुद को मजबूत बनाने और धैर्य रखने का है.

तुला गणेशजी कहते हैं कि तुला राशि वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा. आप अपने आस-पास के लोगों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने में सफल रहेंगे. आज आपके संचार कौशल में सुधार होगा और आपके रिश्ते मज़बूत होंगे. परिवार और दोस्तों के साथ बिताया गया समय सुखद रहेगा. आज आप छोटी-छोटी खुशियों का भी भरपूर आनंद लेंगे.

वृश्चिक गणेशजी कहते हैं कि वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा. आपके मूड में उतार-चढ़ाव आ सकता है, जिसका असर आपकी भावनाओं पर पड़ सकता है. ऐसे में आप अपने आस-पास के लोगों से अलग-थलग महसूस कर सकते हैं, इसलिए अपनी भावनाओं को साझा करना ज़रूरी होगा.

धनु गणेशजी कहते हैं कि धनु राशि वालों के लिए आज का दिन बेहद शुभ रहेगा. आप अपने जीवन के कई पहलुओं में सामंजस्य और संतुलन का अनुभव करेंगे. यह आपके व्यक्तिगत और सामाजिक संबंधों को मज़बूत करने का एक अच्छा समय है.

मकर गणेशजी कहते हैं कि मकर राशि वालों के लिए आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है. आपका मन अशांत रहेगा और आपको कुछ विशेष बेचैनी का अनुभव हो सकता है. आपके आस-पास कुछ असामान्य घटनाएँ घट सकती हैं, जिससे आपको मानसिक तनाव हो सकता है. आपको कभी-कभी संदेह और चिंता की भावनाएँ हो सकती हैं.

कुंभ गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन आपके लिए कुछ चुनौतियाँ लेकर आ सकता है. आपके पारिवारिक और व्यक्तिगत संबंधों में कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है. इस दौरान धैर्य और समझदारी की आवश्यकता है. अपने विचारों और भावनाओं को अपनों के साथ खुलकर साझा करें. संवाद महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इससे कई गलतफहमियाँ दूर हो सकती हैं. इस दौरान आपका मन थोड़ा अस्थिर महसूस कर सकता है, जिससे किसी भी स्थिति में सही निर्णय लेना मुश्किल हो सकता है.

मीन गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन मीन राशि वालों के लिए विशेष रूप से शुभ रहेगा. आप अपने जीवन में सामंजस्य और संतुलन का अनुभव करेंगे, जिससे आपके आस-पास एक खुशनुमा माहौल बनेगा. आप अपने दिल की गहराइयों से जुड़ाव महसूस करेंगे, जिससे आप अपने लिए सच्चा स्नेह विकसित कर पाएँगे. आपके भीतर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होगा,

## व्यंग्य

# कलयुग केवल तेल आधारा...

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



भारतवर्ष की सांस्कृतिक धरा पर विभिन्न कलाओं ने जन्म लिया है । यह जरूरी नहीं कि हर कला का अपना विशेष वजूद हो । बहुत सी कलाओं ने दम भी तोड़ दिया है ! इन्हीं कलाओं में एक कला का नाम "मक्खन पॉलिश " या " तेल लगाने की कला " भी है । इस कला में जिसने महारत हासिल कर ली , समझो दुनिया उसकी मुट्ठी में ! मक्खन लगाना एक ललित कला है । यह अलग बात है कि यदि आलोचकों ने किसी कारण से इसे ललित कला की सूची में स्थान नहीं दिया तो यह उनकी बड़ी भूल है ! यह एक ऐसी आभासी ललित कला है जिसमें फिसलन कूट - कूटकर भरी हुई है ! यही वह गुण है जिसके चलते बड़े - बड़े लोग इसमें खड़े - खड़े फिसलते देखे जा सकते हैं ! ईमानदारी और कर्तव्य के पथ पर चलने का दावा करने वाले क्लास वन ऑफिसर भी इसी तेल की कढ़ाई में पूरियां तलते हुए कब उसकी चिकनाई के आगोश में आकर चारों खाने चित्त हो जाते हैं , इसे वे खुद भी नहीं समझ पाते ! मक्खन लगाना अथवा तेल मालिश करना को दैवीय गुणों से युक्त सर्व हितकारी , सर्व बाधा हारी गुणों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त है । हम जिस कलयुग में जी रहे हैं , उसमें अमोघ असरदार केवल यही तेल मालिश गुण है । इस तेल को लगाने और लगवाने वाला दैहिक , दैविक तथा भौतिक तीनों प्रकार के दुखों से छुटकारा पा जाता है ! जिस ताकतवर व्यक्ति ने इस तरल पदार्थ का मनोयोग पूर्वक भक्ति भाव से इस्तेमाल किया उसकी ताकत चौगुनी होकर जीवन नैय्या को पार लगा जाती है ! साहित्यिक शब्दों में कहा जाए तो इस तैलीय विधा में पारंगत होना आसान नहीं है । इसे साधने के लिए कठोर तपस्या की जरूरत होती है ! कठोर तप साधना , अहर्नीश ( दिन - रात ) सेवा और हर मौसम में निरंतर अभ्यास के बाद ही कोई व्यक्ति मुकम्मल तेल कलाकार बन सकता है ! हर शहर और विशेष कर हर राजधानी में आजकल ऐसे तेल कलाकारों की भारी मांग देखी जा रही है । विशेष कर राजनीति के मैदान में बाजी मारने की तमन्ना रखने वालों को ऐसे लोगों की निरंतर तलाश रहती है ! इस कला की विधिवत शिक्षा का पाठ्यक्रम संचालित न होने से बिरले लोग ही इसमें पारंगत हो पाते हैं ! विशेषज्ञों की मानें तो एकनिष्ठ साधना , कठोर तपस्या और चापलूस तंत्र - मंत्र का 24 घंटे जप करने वाला ही इस कला में निपूर्ण हो पाता है ! इन कलाकारों को खुद के अंदर इस गुण को पैदा करने के लिए लोहे के चने चबाने पड़ते हैं । गधों को बाप और काने को मामा कहना पड़ता है ! इतना ही नहीं मूर्खों के अंदर भी इन्हें बृहस्पति ढूंढना पड़ता है ! साथ ही हर प्रकार की मक्कारी में माहिर को भी महापुरुष कहना पड़ता है ! वैसे देखा जाए तो किसी की बिना वजह तारीफ करना या तेल लगाना उतना आसान नहीं है ! इससे रिस्क की संभावना प्रबल हो जाती है । मक्खन पॉलिश करना या तेल मालिश करना तलवार की नोक पर चलने जैसा खतरनाक काम है ! संतुलन बिगड़ा नहीं कि , काम तमाम ! कहा जा सकता है " चढ़े तो चाखे प्रेम रस , गिरे तो चकनाचूर। " एक महानगर में बड़ी मुश्किल से एक या दो लोग ही इस विधा में माहिर पाए जाते हैं । दूसरे शब्दों में कहूं तो यह कला कोई खाला का घर नहीं कि मुंह उठाकर चले आए और लगे तेल लगाने ! आजाद भारतवर्ष में तैलीय पंडितों की एक बड़ी फौज वर्तमान में दिखाई पड़ रही है । इन विशेषज्ञों की कला विशेष रूप से शासकीय कार्यालयों में विराजमान हो चुकी है । अपनी तैलीय विधा के बल पर इन लोगों का सत्ता पर शीर्षासन भी सामने आने लगा है ! अब भले ही लोग इसे चमचागिरी कहें अथवा चापलूसी " तैलीय गुरुओं " के हेल्थ पर कोई प्रभाव नहीं डाल पाता है ! यही वह विधा है जिसने वर्तमान भारतीय लोकतंत्र की लोक लज्जा को आवरण पहनाया हुआ है , अन्यथा रोज चीरहरण की स्थिति पैदा हो रही होती ! कल्पना करें कि तैलीय विधा वाले महान फनकार हमारे बीच नहीं होते तो सरकारी दफ्तरों में काम करना - कराना कितना कठिन हो जाता ! एक बात तो मुझे और मेरे सम्मानित पाठकों को स्वीकार करनी ही होगी कि जिसने मालिश पुराण का पूर्ण निष्ठा भाव से यज्ञ संपन्न कर लिया उसकी आठों उंगलियां शुद्ध घी में डूबी होंगी ! इस गुण के गुणधर्मी की दुःख - दरिद्रता बिना किसी सोलह सोमवार , सोलह शुक्रवार या वैभव लक्ष्मी का व्रत किए ही दूर हो जाती है ! उसके मोक्ष का मार्ग हमारे विधान मंडल में विराजमान कलयुगी देवताओं द्वारा आनंद का मार्ग प्रशस्त कर स्वयं बना दिया जाता है ! हमें इसे स्वीकार करना होगा कि चापलूसी मंत्र में समाई अमोघ शक्ति सारे दुश्मनों का नाश कर मार्ग के कंटकों का संहार कर जाती है ! तैलीय गुणवत्ता मंत्र का जप कर लोगों ने बड़े - बड़े ठेके पा लिए ! शासकीय कर्मियों ने प्रोन्नति का मार्ग प्रशस्त कर लिया !

मक्खन पॉलिश या तेल मालिश में पाई जाने वाली अपार शक्ति का अनुभव कर मै तो यही कह सकता हूं - " ऐसी जिंदगी न मिलेगी दोबारा " न जाने फिर मनुष्य जन्म मिले , न मिले अभी जो जीवन मिला है उसे तो संवार लो ! ठीक उड़ी तर्ज पर " ऐसा मौका फिर कहां मिलेगा ... देखो .. देखो .. देखो .. ऐन इवनिंग इन पेरिस ... " एक बात हमेशा अपने जेहन में रखो - यदि अपनी योग्यता और मेधा के दम पर अपना जीवन न संवरता हो तो चापलूसी नामक तेल और झूठ का क्रीम लगाना सिख लो ! दुनिया केवल उगते सूर्य को नमन करती है । इसे ध्यान में रखते हुए इस बात की चिन्ता न करो कि तुमने किस ब्रांड के तेल से मालिश की है ! अंग्रेजी में एक कहावत है " एवरी थिंग इज फेयर इन लव एंड वार । " आप इतना मान लो कि युद्ध और प्रेम में ही नहीं , कलयुगी जीवन में भी सब कुछ जायज है ! क्या इस बात से हम और हमारा समाज इनकार कर सकता है कि इतिहास में सफल लोगों की ही कहानी लिखी जाती है ! सफलता और ऊंचाई पर पहुंचने की तमन्ना रखने वाले हर युवक - युवती को यह याद रखना चाहिए - " कलयुग केवल तेल आधारा " , जिसने भी इस मंत्र को सिद्ध कर लिया , उसे किसी और तपस्या की जरूरत नहीं ! इस एक मंत्र के आगे सभी मंत्र दो कौड़ी के हैं ! मै विश्वास के साथ कह सकता हूं यही एक मात्र मंत्र है जो आपके भाग्य का सिंहद्वार खोल सकता है ! इस विधा को भूलकर भी स्वार्थवाद से जोड़कर न देखें । कारण यह कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने सैकड़ों वर्ष पूर्व लिख दिया था - " सुर नर मुनि की यही सब रीति , स्वारथ लागी करहीं सब प्रीति । " बस इतना ध्यान रखें कि आराध्य देव के खान - पान , पसंद - नापसंद , योग्यता - अयोग्यता की मापने की छोटी सी त्रुटि भी न होने पाए , अन्यथा तैलीय विधा दम तोड़ सकती है !

# बस्तर के युवाओं के लिए 28 नवंबर को आड़ावाल में लगेगा प्लेसमेंट कैंप



**जगदलपुर 21 नवंबर।** बस्तर जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में करियर बनाने का एक बेहतरीन अवसर मिलने जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा शुक्रवार 28 नवंबर को आड़ावाल स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलने वाले इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ना है, जहाँ निजी कंपनियों के नियोजक मौके पर ही सीधे साक्षात्कार के जरिए योग्य उम्मीदवारों का चयन करेंगे। इस रोजगार मेले के माध्यम से कुल 08 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। जिसमें तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों तरह के अवसर शामिल हैं। इसमें सिविल इंजीनियर के 05 पद हैं, जिनके लिए सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारी युवा आवेदन कर सकते हैं। इस पदों पर चयनित उम्मीदवारों को उनकी कार्य क्षमता के आधार पर 10 हजार से 15 हजार रुपये तक का वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त टीम लीडर के 03 पदों पर भी भर्ती होगी, जिसके लिए किसी भी विषय में स्नातक (ग्रेजुएट) युवा पात्र होंगे और उन्हें 17 हजार रुपये मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। इन दोनों ही पदों के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। भर्ती प्रक्रिया में फ्रेशर्स के साथ-साथ 3 वर्ष तक के अनुभवी महिला एवं पुरुष उम्मीदवार शामिल हो सकते हैं, हालांकि अनुभवी उम्मीदवारों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। कैंप में शामिल होने के लिए प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने हेतु आवेदकों का रोजगार विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। विभाग ने युवाओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए यह भी व्यवस्था की है कि यदि किसी उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन करने में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो वे प्लेसमेंट कैंप की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। साक्षात्कार वाले दिन उम्मीदवारों को अपने समस्त मूल शैक्षणिक दस्तावेज, प्रमाण पत्रों की छायाप्रति का एक सेट, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ और ऑनलाइन किए गए आवेदन क्रमांक की जानकारी के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा। यह संपूर्ण आयोजन आवेदकों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के ऐसे नियोजक जो अपनी फर्म, दुकान या संस्था के लिए स्टाफ की नियुक्ति करना चाहते हैं, वे भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बन सकते हैं। इच्छुक नियोजक 25 नवंबर 2025 तक विभाग के ईमेल या विभागीय पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। उन्हें रिक्तियों की संख्या, वांछित योग्यता और वेतन संबंधी जानकारी समय रहते उपलब्ध करानी होगी ताकि उन्हें इस रोजगार मेले में शामिल किया जा सके और युवाओं को अधिक से अधिक अवसर मिल सकें।

## एक नजर

### जिले में अब तक 7183 क्विंटल धान की खरीदी

**कांकेर, 21 नवम्बर।** खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक कुल 7183.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें 5769.20 क्विंटल मोटा धान तथा 1414 क्विंटल पतली वैरायटी का धान सम्मिलित है। उन्होंने जिले के सभी किसानों से ऑनलाइन माध्यम से तथा उपार्जन केन्द्र में पहुंचकर टोकन प्राप्त करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 149 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं तथा धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए खरीदी केन्द्र प्रभारी तथा पर्यवेक्षण व निगरानी के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिले के सभी खरीदी केंद्रों में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति कर ली गई है तथा बारदाने भी उपलब्ध करा दिए गए हैं।

### वीरांगना दिवस पर बालिकाओं को किया गया जागरूक

**कांकेर 21 नवंबर।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार चारामा परियोजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पण्डरीपानी में ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, मिनीमाता एवं रानी दुर्गावती जैसी वीरांगनाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ती बेटियों के बारे में जानकारी दी तथा हर क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास के कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाएं सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, घरेलू हिंसा, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, सक्षम योजना, सायबर सुरक्षा, नोनी सुरक्षा योजना, पॉक्सो एक्ट 2012, बच्चों के अधिकारों, मानसिक स्वास्थ्य, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि योजनाओं की जानकारी दी गई।

### मछली पालन के लिए तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण दिया गया

**कांकेर, 21 नवम्बर।** जिले के मत्स्य कृषकों को मछली पालन हेतु मछुआरों के लिए तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगारभाट में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री आशाराम नेताम तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में विकासखण्ड कांकेर, नरहरपुर, चारामा एवं भानुप्रतापपुर के लगभग 350 कृषकों को झींगा पालन, तिलापिया कल्चर तथा पंगेसियस पालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। साथ ही इस कार्यक्रम में कृषकों को आदान सामाग्री अन्तर्गत महाजाल, ऑइस बॉक्स, झींगा बीज का वितरण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

### एसआईआर फॉर्म भरते समय साइबर ठगी से सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

**जगदलपुर 21 नवंबर।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना जारी की है। इस सूचना का उद्देश्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर के संभावित दुरुपयोग और ओटीपी आधारित धोखाधड़ी से बचाना है। इस दिशा में स्पष्ट किया गया है कि एसआईआर फॉर्म भरते समय मोबाइल नंबर देना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन नागरिकों को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने ठगी करने की कोशिश कर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जोर देकर कहा है कि बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से एसआईआर फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बीएलओ आपसे ओटीपी नहीं मांगता है। कॉल आने पर तुरंत मना करें यदि आपको कोई व्यक्ति फोन करे और कहे कि आपके एसआईआर से जुड़े मोबाइल पर जो ओटीपी आया है, वह हमें दे दीजिए तो उन्हें तुरंत मना कर दें। कॉल करने वाले व्यक्ति को साफ-साफ कहें कि मैं कार्यालय जाकर बात करूँगा-करूंगी या अपने बीएलओ से संपर्क करूँगा-करूंगी। 'दबाव या धमकी पर पुलिस को सूचना दें अगर कोई व्यक्ति ओटीपी मांगने के लिए दबाव डाले, धमकी दे या जोर डाले, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें।

# हिड़मा के मारे जाने के बाद देवा के घर में पसरी अनहोनी की खामोशी

■ बेटी कुक्की बारसे धीरे से कहती है, हिड़मा काका मर गया, पापा जंगल में हैं... वापस आएंगे न?





**सुकमा 21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में माड़वी हिड़मा के मारे जाने की खबर पहुंचते ही पूवर्ती गांव का माहौल पूरी तरह बदल गया था । पूवर्ती गांव में ही माड़वी हिड़मा का साथी नक्सली कमांडर बारसे देवा का घर है, जो सालों से हिड़मा के साथ जंगलों में सक्रिय रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, देवा आज भी नक्सल संगठन में सक्रिय है, और हिड़मा के सबसे भरोसेमंद कमांडरों में से एक माना जाता है । नक्सली कमांडर बारसे देवा के घर में पसरी खामोशी किसी अनहोनी के डर को बयां करती है। उसकी बूढ़ी मां बड़से सिंगे कमरे के एक कोने में बैठी हैं। उनकी आंखों में घबराहट और चेहरे पर चिंता साफझलकती है। बातचीत के दौरान वह सिर्फ इतना कह पाती हैं, हमरा ददा जंगल में है, अब क्या होगा? इसके बाद वह लंबी चुप्पी साध लेती हैं। देवा की पत्नी नंदे बरसे दरवाजे पर बैठी दिखाई देती हैं। उनका चेहरा उतरा हुआ है, और आवाज धीमी है। गांव वालों की नजरें भी उनके घर पर टिकी हैं, जैसे किसी अनहोनी का डर सता रहा हो। नंदे कुछ भी साफ कहने से बचती हैं, लेकिन उनका डर छिपा नहीं रहता। नक्सली कमांडर बारसे देवा के परिवार में तीन बच्चे हैं, जिनमें एक बेटी और दो बेटे शामिल हैं। जिसमें से 15 वर्षीय बेटी कुक्की बारसे सबसे ज्यादा सहमी हुई नजर आई। उसकी आंखें पिता को खोने के डर को बयां कर रही थीं। वह धीरे से कहती है, हिड़मा काका मर गया। पापा जंगल में हैं... वापस आएंगे न? उसकी कांपती आवाज पूरे घर के माहौल को और भारी कर देती है । पूवर्ती गांव के आठ मोहल्ले-ओई पारा, बंदी पारा, तुमल पारा, डब्बा पारा, पटेल पारा, नडमा पारा, मिसि पारा और मड़कम पारा के लोग अब फुसफुसाहटों में डूबे हैं। लोग खुलकर न तो नक्सलियों का नाम ले रहे हैं, और न ही सुरक्षाबलों का, बस एक-दूसरे से धीमी आवाज में सवाल पूछ रहे हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से पुनः आग्रह करते हुए कहा कि, जितने भी लोग है सब पुर्नवास करें। चिंता न करे आपके आने तक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। लेकिन हथियार के साथ आए और पुर्नवास करें। विदित हो कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा बारसे देवा को आत्मसमर्पण करने के लिए नक्सली कमांडर बारसे देवा की बूढ़ी मां बड़से सिंगे से अपील करवाया लेकिन नक्सली कमांडर बारसे देवा हिड़मा की तरह अब तक हथियार नही डाल है।

## समाचार संक्षेप

### चिहका-उसपरी मार्ग पर 10 किलो का आईईडी बरामद



**बीजापुर 21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चिहका-उसपरी मार्ग पर आज गुरुवार को सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा लगाया गया 10 किलो का कमांड आईईडी बरामद कर सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया है। यह संयुक्त कार्रवाई भैरमगढ़ थाना पुलिस और बीजापुर बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) टीम की ओर से की गई । मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षाबल नियमित गश्त और तलाशी अभियान के लिए चिहका-उसपरी क्षेत्र में निकले थे। इसी दौरान सड़क किनारे एक संदिग्ध इलेक्ट्रिक तार दिखाई दिया। शंका के आधार पर टीम ने आस-पास के इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसमें स्टील टिफिन में छिपाया गया लगभग 10 किलो का आईईडी मिला। नक्सलियों ने इस विस्फोटक को सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की नीयत से लगाया था। सूचना मिलते ही बीजापुर बीडीएस टीम मौके पर पहुंची और विस्फोटक को मौके पर ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया । अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने और नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### नक्सली माड़वी हिड़मा व पत्नी राजे का पूवर्ती में एक ही चिता में कर दिया गया अंतिम संस्कार



**सुकमा,21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश सीमा पर तीन दिन पहले हुए मुठभेड़ में मारे गए मोस्ट वांटेड नक्सली माड़वी हिड़मा और उसकी पत्नी राजे का परिवार की मांग पर हिड़मा के गृहग्राम पूवर्ती में आज गुरूवार को दोनों का एक ही चिता में अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

### नोडल अधिकारी शोभित जैन ने की आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा




**जगदलपुर 21 नवंबर।** नीति आयोग द्वारा नियुक्त बस्तर जिले के नोडल अधिकारी एवं संयुक्त सचिव श्री शोभित जैन ने गुरुवार की शाम बस्तर आकांक्षी जिला और ब्लॉक कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में ली। बैठक में कलेक्टर श्री हरिस एस ने जिले और ब्लॉक में आकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और दिक्कतों के संबंध में भी अवगत करवाया। संयुक्त सचिव श्री जैन ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत निर्धारित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय चयनित इंडिकेटर्स की वर्तमान स्थिति, क्रियान्वयन और प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, आधारभूत संरचना और वित्तीय समावेशन सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों के लक्ष्यों की समीक्षा की।उन्होंने ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इंडिकेटर्स की प्रगति में तेजी लाते हुए जमीनी स्तर पर योजनाओं का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही डेटा की जानकारी देते समय आंकड़ों का आंकलन और जांच कर भरा जाए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम का उद्देश्य विकास कार्यों को गति देते हुए नागरिकों तक योजनाओं व सेवाओं को पहुंचाना है, इसलिए विभागीय समन्वय और नियमित निगरानी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में ब्लॉक स्तर पर चल रही गतिविधियों, उपलब्धियों, चुनौतियों तथा सुधार की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को लक्ष्य आधारित कार्यवाही करने और प्रत्येक इंडिकेटर की प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने निर्देश दिए। इस दौरान अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बीरेन्द्र बहादुर, आकांक्षी कार्यक्रम से संबंधित विभागों के अधिकारी, शाखा प्रभारी उपस्थित रहे ।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 23 नवम्बर को

**जगदलपुर 21 नवंबर।** गृह विभाग सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग और जिला प्रशासन बस्तर द्वारा बस्तर ओलंपिक 2025 के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का 22 से 23 नवम्बर को किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उदघाटन समारोह 22 नवम्बर को दोपहर 03 बजे इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में किया जाएगा। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप, विशिष्ट अतिथि के रूप में वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर श्री किरण सिंह देव, विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल, विधायक बस्तर श्री लखेश्वर बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेजेस कॉर्पोरेशन अध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव मद्दी, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष श्री रूपसिंह मंडावी एवं महापौर जगदलपुर श्री संजय पाण्डे के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित है। बस्तर ओलंपिक 2025 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह 23 नवंबर को संध्या 04 बजे उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मुख्य अतिथि में संपन्न होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सासंद बस्तर श्री महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर श्री किरण सिंह देव, विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल, विधायक बस्तर श्री लखेश्वर बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेजेस कॉर्पोरेशन अध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव मद्दी, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष श्री रूपसिंह मंडावी एवं महापौर जगदलपुर श्री संजय पाण्डे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में होगा।

# कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम की जानकारी कार्यशाला में दी

**कांकेर 21 नवम्बर।** कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत् आज एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया, जिसमें कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न के विरुद्ध संरक्षण और लैंगिक उत्पीड़न की शिकायतों के निवारण और प्रतितोष की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सह कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने इस अधिनियम के अंतर्गत सभी शासकीय/गैरशासकीय तथा निजी संस्थानों में कार्यरत सभी महिलाओं को उक्त समिति की जानकारी के लिए गठित आंतरिक शिकायत समिति को स्पष्ट प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कार्यालयों में इस संबंध में समय-समय पर बैठक आयोजित करने के लिए कहा, ताकि कार्य स्थल में कार्यरत सभी महिलाओं को उक्त अधिनियम की जानकारी मिल सके। इसके पहले, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन ने कार्यशाला आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष व सदस्यों से जिले में 224 शासकीय कार्यालयों एवं 58 निजी संस्थाओं में आंतरिक शिकायत समिति गठित होने एवं कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 अन्तर्गत सभी शासकीय /गैरशासकीय तथा निजी संस्थानों में अनिवार्यतः आंतरिक शिकायत समिति गठित करने के बारे में बताया। समिति गठित नहीं करने पर 50 हजार रु. तक का जुर्माने के प्रावधान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्री अनुकूल पाण्डेय ने गठित आंतरिक शिकायत समिति का विवरण को एस.एच.ई बॉक्स पोर्टल में एंट्री करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में आए रिसोर्स पर्सन श्रीमती रचना यादव के द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के नियमों तथा उपनियमों, अधिनियम के तहत प्राप्त अधिकारों की जानकारी गठित समिति के अध्यक्षों व सदस्यो को दी। इस अवसर पर पुलिस विभाग, सभी शासकीय कार्यालय, एन.जी.ओ., स्व सहायता समूहों, सभी परियोजनाओं के परियोजना अधिकारी, कांकेर चेम्बर ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# व्यापमं की अमीन भर्ती परीक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

**जगदलपुर 21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। व्यापमं द्वारा 16 जिलों में 07 दिसम्बर 2025 को जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लगभग 2 लाख 30 हजार अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा 16 जिलों के चयनित परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया जा रहा है तथापि इस परीक्षा में राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। जगदलपुर बस्तर में 60 परीक्षा केन्द्र में 15908 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय मध्याह्न 12 बजे से दोपहर 2.15 तक है । व्यापमं ने परीक्षा में शामिल होने वाले सभी जिले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिसके तहत परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग (थ्तपोपदह) एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूंकि यह परीक्षा मध्यान्ह 12 बजे से प्रारंभ हो रहा है अतः मुख्य द्वार प्रातः 11.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आयें। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। ठण्ड के मददेनजर केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) पहनने की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने के उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी।

### महिला गार्ड की भर्ती के लिए 29 नवम्बर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जगदलपुर 21 नवंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग जगदलपुर के अधीन सखी वन स्टॉप सेंटर में महिला सुरक्षा गार्ड नाइट गार्ड के कुल 03 स्वीकृत पद हेतु जिला स्तर पर विज्ञापन 04 जुलाई 2025 को जिले की वेबसाईट www.bastar.gov.in पर जारी किया गया था। जिसमें आरक्षण रोस्टर नियम का पालन किया गया है, संचालक संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार संबंधित सेवा प्रदाताओं के पद पर आरक्षण रोस्टर लागू नहीं होगा। उक्त पद पर आवेदन किए गये आवेदकों को यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे 10 दिवस के भीतर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जगदलपुर में 29 नवम्बर 2025 को सायंकाल 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

## कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी लागू करने सरकार का रुख सकारात्मक नहीं है-कमल वर्मा

# 11 सूत्रीय मुद्दों पर दिसंबर 22 से 24 तक काम बंद कलम बंद हड़ताल का निर्णय



**जगदलपुर 21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के दिवाली मिलन समारोह में उपस्थित संगठनों के प्रांताध्यक्ष एवं जिला संयोजकों ने कर्मचारियों के लिये मोदी की गारंटी पर सरकार के रवैये की समीक्षा किया गया। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों ने सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया के विरुद्ध हड़ताल करने का निर्णय पारित कर रूपरेखा तैयार करने का जिम्मेदारी प्रांतीय कोर कमेटी को दिया गया था। राजधानी रायपुर में 19 नवंबर 25 को कोर कमेटी की बैठक में 22 से 24 दिसंबर तक तीन दिवसीय प्रांतव्यापी काम बंद कलम बंद हड़ताल करने का निर्णय हुआ है। फेडरेशन के प्रांतीय कोर कमेटी के बैठक की जानकारी देते हुए संयोजक कमल वर्मा, बी.पी. शर्मा,राजेश चटर्जी, सतीश मिश्रा चंद्रशेखर तिवारी,पवन शर्मा, जी.आर.चंद्रा,रोहित तिवारी, संजय ठाकुर,केदार जैन,मनीष मिश्रा,पंकज पांडेय एवं जय साहू ने बताया गया कि बैठक में प्रदेश भर के शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध हो रही अवैधानिक एवं दमनात्मक कार्यवाही की प्रशासनिक प्रवृति के विरूद्ध सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। फेडरेशन ने मुख्य सचिव से तत्काल हस्तक्षेप कर रायपुर कलेक्टर द्वारा धान खरीदी के नाम पर चार शासकीय सेवकों पर दर्ज कराई गई एफआईआर को निरस्त (शून्य) करने की मांग की है। उन्होंने बताया गया कि धान खरीदी व्यवस्था में कार्यरत कर्मचारियों पर लगातार मानसिक प्रताड़ना एवं अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि कृषि विभाग के सचिव द्वारा पूर्व में ही धान खरीदी के दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ अनुचित कार्रवाई न करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद कर्मचारियों पर दमनात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे मामले में एक कर्मचारी की गिरफ्तारी को फेडरेशन ने प्रदेशभर के कर्मचारियों के लिए काला कानून निरूपित किया है। फेडरेशन का आरोप है कि सरकार द्वारा कर्मचारियों के खिलाफ दमनात्मक रवैया अपनाया जा रहा है। कर्मचारियों का पक्ष सुने बिना एक तरफा दंडात्मक कार्यवाही करना लोकतंत्र पर सीधा आघात है। लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचलने हेतु कर्मचारी नेताओं की गिरफ्तारी, निलंबन एवं बर्खास्तगी जैसे कदम उठाए जा रहे हैं।जोकि असहनीय है। एन.एच.एम कर्मचारियों से किए गए वादों का पालन न होना तथा स्वास्थ्य मंत्री के लिखित निर्देशों के बावजूद बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली न होना एक गंभीर चिंता का विषय है तथा असहिष्णुता का द्योतक है।बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि कर्मचारियों के मुद्दों के समाधान हेतु त्रिपक्षीय संवाद स्थापित किया जाए तथा मंत्रालय स्तरीय अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई के लिए सख्त निर्देश जारी किए जाये।फेडरेशन ने स्पष्ट कहा है कि शासकीय सेवक अपने सेवादायित्वों के निर्वहन के अधीन प्रत्येक विधिसम्मत आदेश का पालन करने को तत्पर हैं।परंतु शासन को भी उनके उचित अधिकार, सुरक्षा और मान-सम्मान का ध्यान रखना होगा। फेडरेशन का कहना है कि यदि सरकार ने दंडात्मक कार्यवाही को वापस नहीं लिया तो फेडरेशन इसका पुरजोर विरोध करने बाध्य होगा। फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मोदी की गारंटी लागू करने मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा है।गौरतलब है कि फेडरेशन के आव्हान पर 22 अगस्त 25 को प्रदेश बंद हड़ताल हुआ था। फेडरेशन के 11 सूत्रीय मुददों में केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता (ਙ) लागू किया जाए। (मोदी की गारंटी) DAएरियर्स की राशि कर्मचारियों के GPF खाते में समायोजित की जाए। (मोदी की गारंटी) सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिया जाए।पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान दिया जाए।नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिया जाए। अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण की जाए। प्रदेश में कैशलेश सुविधा लागू की जाए। अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस की जाए।

# रायगढ़ चिकित्सा महाविद्यालय में व्हाइट कोट सेरेमनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 21 नवम्बर।** स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ में व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। यह समारोह नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के एमबीबीएस बैच-2025 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें एम.बी.बी.एस प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित 100 छात्र-छात्राओं को उन्हें सफेद कोट पहनाकर चिकित्सा पेशे में प्रवेश का प्रतीकात्मक संस्कार कराया गया।

अधिष्ठाता डॉ.विनीत जैन ने अपने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों को चिकित्सा पेशे की जिम्मेदारियों और मानवीय मूल्यों का महत्व समझाया। अस्पताल अधीक्षक डॉ.एम.के.मिंज ने अपने संबोधन में प्रोफेशनलिज्म, नैतिकता और रोगी-केंद्रित देखभाल पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर का पहला औजार उसका संवेदनशील शब्द है, और रोगी के साथ ईमानदारी तथा करुणा ही चिकित्सा की आत्मा है। समारोह में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से महर्षि चरक शपथ लिया और चिकित्सा सेवा के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। कुछ विद्यार्थियों और अभिभावकों ने अपने विचार साझा कर इस क्षण को भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरजीत कुंडू (प्रोफेसर, एनाटॉमी), डॉ. विजयेंद्र पैंकरा (एसोसिएट प्रोफेसर, फिजियोलॉजी) तथा डॉ. ऋचा गुरुदीवान (असिस्टेंट प्रोफेसर, एनाटॉमी) द्वारा किया गया। यह आयोजन अधिष्ठाता महोदय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। समारोह में कॉलेज के सभी वरिष्ठ प्राध्यापक एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान किए। डॉ.विजयेंद्र पैंकरा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए, अधिष्ठाता डॉ विनीत जैन, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डॉ.एम.के. मिंज और डॉ.ए.एम. लकड़ा सभी वरिष्ठ प्राध्यापकों, सहयोगी संकाय सदस्यों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटो के साथ हुआ।

## समाचार संक्षेप

# धमतरी जिला राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 से सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**धमतरी 21 नवंबर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विगत दिवस नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित छठवां राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 तथा जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान किए। धमतरी जिले को जल संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय उपलब्धि- धमतरी को मिला 8 जी पुरस्कार (पूर्वी क्षेत्र) जल संचय जनभागीदारी 1.0 के तहत पूर्वी क्षेत्र में धमतरी जिले को 8वां राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह सम्मान बताता है कि धमतरी सिर्फ समृद्ध जल संसाधनों की भूमि नहीं,

बल्कि सक्रिय जनजागरूकता और नवाचार का मॉडल जिला बन चुका है। धमतरी जिले में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में जल संचय एवं संरक्षण हेतु माँ अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। यह अभियान छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी माँ महानदी के उद्गम सहित सभी जल स्त्रोतों एवं पौराणिक महत्व के स्थलों के संरक्षण, विकास एवं संवर्धन पर केंद्रित है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, जल संसाधन विभाग सहित माँ अभियान की संपूर्ण टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## एक नजर

### कलेक्टर के निर्देश पर प्रमुख चौक-चौराहों में अलाव व्यवस्था शुरू



**रायगढ़, 21 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी नगरीय निकायों को आम नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा हेतु अलाव व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए नगर निगम रायगढ़ द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों पर अलाव की समुचित व्यवस्था कर लोगों को राहत प्रदान की जा रही है। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि शहर के चक्रधर नगर चौक, कमला नेहरू गार्डन, मेडिकल कॉलेज परिसर, ट्रांसपोर्ट नगर, मिनीमाता चौक, रेलवे स्टेशन सहित भीड़भाड़ वाले प्रमुख स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, ताकि सुबह और देर रात के समय ठंड से परेशान राहगीर, श्रमिक और जरूरतमंद नागरिकों को तत्काल गर्माहट और सुविधा मिल सके। इसी तरह जिले के अन्य नगरीय निकायों, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों द्वारा भी बढ़ती ठंड को देखते हुए स्थानीय स्तर पर व्यापक, संवेदनशील और समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों में अलाव व्यवस्था, निगरानी और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### जिले में एसआईआर कार्य 97.85 प्रतिशत पूर्ण



**रायगढ़, 21 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदशन में जिले में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) सुचारु रुप से जारी है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.प्रियंका वर्मा ने बताया कि जिले में मतदाता को गणना पत्रक वितरण का कार्य 97.85 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। अब मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना पत्रक एकीकरण, संकलन एवं डिजीटाईजेशन का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने जिले के नागरिकों से आग्रह किया है कि मतदाता अपना गणना पत्रक शीघ्र पूर्ण कर अपने-अपने बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा करें।

### अवैध धान परिवहन व भंडारण पर मंडी अधिनियम के तहत प्रशासन की कड़ी कार्रवाई, प्रकरण दर्ज

# खरसिया में 128 कट्टा अवैध धान जब्त

■ **अनुविभागीय स्तर पर गठित टीमें लगातार कर रही हैं निरीक्षण**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 21 नवम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की किसान हितैषी एवं पारदर्शी धान खरीदी नीति के अनुरूप जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित है। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर भी जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी जारी है। इसी क्रम में बुधवार को खरसिया अनुविभाग अंतर्गत 128 कट्टा अवैध धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई एसडीएम खरसिया प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में राजस्व एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

एसडीएम तिवारी ने बताया कि संयुक्त दल द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान ग्राम काफरमार में वरुण तिवारी के पास 58 कट्टा और ग्राम केवाली में गुहा दास महंत के पास 70 कट्टा अवैध धान भंडारित पाया गया। दोनों स्थानों से कुल 128 कट्टा धान जब्त कर नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में शासन के निर्देशों का पालन करते हुए अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। अनुविभागीय स्तर पर गठित टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं। अवैध धान भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मण्डी सचिव प्रशांत कुलमित्र, खाद्य निरीक्षक बनमाली यादव और मण्डी उप निरीक्षक मौजूद रहे।

# पारदर्शी धान खरीदी नीति से किसानों में उत्साह 'तुहर टोकन' ऐप से घर बैठे मिल रही सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 21 नवम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप रायगढ़ जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान सुगम, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से जारी है। शासन द्वारा लागू की गई डिजिटल प्रणाली और उपार्जन केंद्रों में सुदृढ़ व्यवस्थाओं ने किसानों का भरोसा और अधिक मजबूत किया है। इसी क्रम में ग्राम बनोरा के किसान रमेश साव ने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए घर बैठे ही 'किसान-तुहर टोकन' ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि ऐप के माध्यम से टोकन मिलने से उन्हें न तो उपार्जन केंद्र के चक्कर लगाने पड़े और न ही कतार में लगने का समय गंवाना पड़ा, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हुई।

किसान रमेश साव निर्धारित तिथि पर उपार्जन केंद्र लोईंग पहुंचकर अपने धान का विक्रय किया और वहां की व्यवस्थाओं से विशेष रूप से प्रभावित हुए। केंद्र में सटीक तौल हेतु इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पर्याप्त बारदाना, सुव्यवस्थित भंडारण व्यवस्था, किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल, छाया और अन्य बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। रमेश साव ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने 5 एकड़ में धान की खेती की है। वे इस वर्ष लगभग 85 क्विंटल धान का विक्रय करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार की पारदर्शी, संवेदनशील और किसान-केंद्रित धान खरीदी नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों को 3100 रूपये प्रति क्विंटल प्राप्त हो रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और कृषि के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि सेवा सहकारी समिति लोईंग में इस वर्ष 1229 किसान पंजीकृत हैं और प्रतिदिन धान विक्रय करने किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

# पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी

■ **जिले के 86, 577 किसानों के खातों में 17.30 करोड़ रुपए हस्तांतरित**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 नवम्बर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर से बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के तहत देशभर के लगभग 9 करोड़ किसानों को करीब 18, 000 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। इनमें रायगढ़ जिले के 86, 577 किसान भी शामिल है, जिनके खाते में 17.30 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने प्रधानमंत्री के संदेश को सुना। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा गबेल ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की जानकारी दी और आग्रह किया कि किसान इन योजनाओं से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाएं। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी. एस. राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान कर रही है। उन्होने किसानों को प्राकृतिक खेती एवं रबी फसलों में गेंहू व सरसों की उन्नत तकनीक की जानकारी पी.पी.टी के माध्यम से दी। कार्यक्रम में रविन्द्र गबेल, डॉ. ए.के.सिंह, डी.एस.पैकरा, डा.के.के. पैकरा, डॉ.सी. पी.एस.सोलंकी, डॉ.के.एल.पटेल सहित कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# एसआईआर फॉर्म भरते समय साइबर ठगी से रहें सतर्क

■ **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की नागरिकों को ओटीपी धोखाधड़ी से बचने की अपील**

**रायगढ़, 21 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना जारी की है। इस सूचना का उद्देश्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर के संभावित दुरुपयोग और ओटीपी आधारित धोखाधड़ी से बचाना है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर फॉर्म भरते समय मोबाइल नंबर देना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन नागरिकों को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने ठगी करने की कोशिश कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जोर देकर कहा है कि बूथ लेवल ऑफिसर के माध्यम से एसआईआर फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बीएलओ आपसे ओटीपी नहीं मांगता है। यदि आपको कोई व्यक्ति फोन करे और कहे कि आपके एसआईआर से जुड़े मोबाइल पर जो ओटीपी आया है, वह हमें दे दीजिए, तो उन्हें तुरंत मना कर दें। बूथ लेवल ऑफिसर से सीधे संपर्क करें। अगर कोई व्यक्ति ओटीपी मांगने के लिए दबाव डाले, धमकी दे या जोर डाले, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। किसी भी सूरत में अपने मोबाइल फोन में प्राप्त ओटीपी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जिला चिकित्सालय में मुहैया कराई जा रही सभी आवश्यक सुविधाएं

■ **एक्स रे मशीन, सोनोग्राफी मशीन, सी.टी. स्कैन मशीन तथा अन्य संसाधन जल्द ही उपलब्ध होंगे**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 21 नवंबर।** संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी ने जिला अस्पताल में जो शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबंद्ध है ने अस्पताल में वर्तमान में उपलब्ध सुविधाओं और संसाधनों के संबंध में बताया कि जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए शासन के मंशानुरूप उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आवश्यक सेवाएं दी जा रही है। विगत कुछ दिवसों से चिकित्सालय में स्थापित एक्स-रे मशीन के प्रिंटर में खराबी आने के कारण मरीजों को प्रिंट नहीं दिया जा सका। मशीन की मरम्मत हेतु अधिकृत फर्म को इसकी सूचना दी जा चुकी है।

फर्म की ओर से टेक्नीशियन द्वारा जांच कर नये प्रिंटर की स्थापना कर दी गई है जिसे पूर्व से स्थापित एक्स-रे मशीन से लिंक किया जाना प्रक्रियाधीन है। फर्म की ओर से जानकारी दी गई है कि, अतिशीघ्र मशीन से प्रिंट कर हितग्राहियों को एक्स-रे फिल्म प्रदान किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त नया एक्स-रे मशीन (500 एम.ए.) जिसका क्रय सीजीएमएससी के माध्यम से प्रक्रियाधीन है।

एक्स-रे टेक्नीशियनों द्वारा चिकित्सकों के मोबाईल में एक्स-रे की फोटो भेजे जाने के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। यह केवल मरीजों की मांग एवं सहूलियत को ध्यान में रखते हुए प्रदाय किया जा रहा है। मेडिकल स्टूडेंट्स के उपलब्ध संसाधन के संबंध में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुन्द नवीन चिकित्सा महाविद्यालय है तथा जिला चिकित्सालय महसमुन्द को चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय के रूप में संचालित किया जा रहा है।

चिकित्सा महाविद्यालय हेतु एन.एम.सी. द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुरूप प्राप्त मांगों के आधार पर उपकरणों / संसाधनों को शासन द्वारा प्रदाय करने अथवा क्रय की अनुमति देने हेतु पत्राचार किया गया है। चिकित्सालय के विभिन्न विभागों हेतु मांग के आधार पर उपकरण का क्रय सीजीएमएससी के माध्यम से प्रक्रियाधीन है।

# प्रभारी सचिव ने जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 21 नवंबर।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन कार्य का व्यापक निरीक्षण करते हुए जिले की प्रभारी सचिव सुश्री शम्मी आबिदी ने आज कोड़ेबोड़, भाठागांव, बगौद, कुरूद, चर्रा, आमदी, संबलपुर सहित 7 से अधिक धान खरीदी केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं का बारिकी से अवलोकन किया तथा किसानों से सीधे संवाद कर धान विक्रय प्रक्रिया के संबंध में उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली।

इस मौके पर अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी ने जिले में धान खरीदी की तैयारियों, प्रगति तथा अब तक की खरीदी स्थिति से अवगत कराया। प्रभारी सचिव ने प्रत्येक केंद्र में बारदाना उपलब्धता, डेनेज व्यवस्था, परिवहन, टोकन प्रणाली, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बायोमेट्रिक स्टैकिंग एवं ऑपरेटर की उपलब्धता जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर धान की बोरी का तौल कराकर वजन की शुद्धता की जांच की तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी की स्थिति का निरीक्षण करते हुए किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होने देने की बात कही। प्रभारी सचिव ने केंद्रों में किसानों के लिए पेयजल, छाया व्यवस्था एवं बैठने की सुविधा को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक किसान को बिना किसी बाधा, देर और समस्या के धान उपार्जन केंद्रों में सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### दीवारों पर नारा लेखन के साथ विभिन्न गतिविधियों का किया जा रहा आयोजन

# जिले को बाल विवाहमुक्त बनाने के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 21 नवम्बर।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर. कच्छप ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले को 31 मार्च 2029 से पूर्व पूर्णतः बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों एवं बाल विवाह मुक्त छ.ग. अभियान के लक्ष्यों को विस्तार से बताया गया है। साथ ही बाल विवाह रोकने और इसे समाप्त करने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, जिला बाल संरक्षण ईकाई के कर्मचारी एवं चाइल्ड हेल्प लाइन के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए आंगनबाडी कार्यकर्ता, मिशन शक्ति, चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 के टीम द्वारा जन समुदाय के मध्य, स्कूलों, विभागीय बैठकों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जागरुकता लाने के उद्देश्य से नारा लेखन कराया जा रहा है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार शासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाईजर एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत के सचिव को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अधिसूचित किया गया है। बाल विवाह संबंधी सूचना इन्हें दी जा सकती है। इनके अतिरिक्त चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 पर भी बाल विवाह होने की सूचना दी जा सकती है। सूचना प्रदाता की जानकारी गोपनीय रखी जाती है। जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु ग्राम पंचायतों द्वारा आयोजित ग्राम सभाओं में बाल विवाह निषेध प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए जा रहे हैं तथा ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बालिकाओं के विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। इससे कम आयु में विवाह कराने या सहयोग करने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत एक लाख का जुर्माना एवं दो वर्ष तक की कठोर कारावास या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

### ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण 21 नवम्बर से

**धमतरी 21 नवंबर।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी), धमतरी में ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण 21 नवंबर 2025 से प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण के दौरान फेशियल थ्रेडिंग, आई बो सेपिंग, मैनीक्योर, पैडीक्योर, डिटेनिंग, थर्मो हब फेशियल, पार्टी मेकअप और ड्रेसिंग, बाडी मसाज और बॉडी पालिशिंग तथा पार्लर से सबंधित जानकारी दी जायेगी। ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट की जानकारी के साथ-साथ उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जायेगी। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी आशीष लकड़ा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ग्रामीण बेरोजगार महिलाएं जिनकी उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच है आवेदन कर सकते है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा से युक्त है। प्रशिक्षण हेतु 35 सीटे आरक्षित है। आवश्यक दस्तावेज में बीपीएल राशन कार्ड फोटोकापी, शैक्षणिक प्रमाणपत्र फोटोकापी. 4 पासपोर्ट फोटो, और आधार कार्ड एवं मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक पास बुक की फोटोकापी अपने साथ लेकर उपस्थित होने कहा गया है। संपर्क निदेशक, बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी. कलेक्टर परिसर, कम्पोजिट बिल्डिग के पीछे धमतरी।

# जिपं सीईओ नंदनवार ने की योजनाओं की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

**महासमुंद 21 नवंबर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने आज जनपद पंचायत महासमुंद के सभागार में विभिन्न विकासोन्मुखी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सीईओ जनपद पंचायत, जिला एवं जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा आवास मित्र उपस्थित थे। समीक्षा बैठक के दौरान नंदनवार ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं सहित अन्य प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यों की अद्यतन स्थिति, प्रगति रिपोर्ट, लंबित प्रकरणों एवं मैदानी स्तर पर आ रही व्यावहारिक समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान जनपद सीईओ बी.एस. मंडावी मौजूद थे। सीईओ नंदनवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सरल प्रक्रिया से उपलब्ध कराया जाए। पीएम आवास के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निष्पादित करें।

## एक नजर

### कबीरधाम में सहकारी समिति प्रबंधकों और ऑपरेटर्स की हड़ताल स्थगित

**रायपुर, 21 नवंबर।** कबीरधाम जिले में बीते 3 नवंबर से चल रही जिला सहकारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित हो गई है। संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा से मुलाकात कर हड़ताल स्थगन का पत्र सौंपा। जिला सहकारी संघ की ओर से कहा गया कि शासन द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। किसानों के हित को देखते हुए जिला सहकारी संघ के समस्त कर्मचारी अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित करते हैं और 21 नवंबर, शुक्रवार से अपने कार्य पर लौट जाएंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, संयुक्त कलेक्टर श्री आर बी देवांगन, उप पंजीयक सहकारिता श्री जी एस शर्मा, खाद्य अधिकारी श्री सचिन मरकाम, डीएमओ श्री अभिषेक मिश्रा, सीसीबी नोडल श्री आर पी मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व जिला सहकारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### धान खरीदी में तेज़, पारदर्शी और तकनीक आधारित प्रक्रिया से किसानों में उत्साह

**रायपुर, 21 नवंबर।** बलौदाबाजार जिले में धान खरीदी महाभियान 2025 तेज़ी से और पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित हो रहा है। शासन एवं प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा हेतु किए गए प्रबंधों का सकारात्मक परिणाम उपार्जन केंद्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ग्राम रानीजरौद के प्रगतिशील किसान श्री दिलेश्वर ध्रुवजो कि 7 एकड़ भूमि में खेती करते हैं:अपने 155 कट्टा धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचे। खरीदी केंद्र में सुव्यवस्थित व्यवस्था और त्वरित प्रक्रिया से वे अत्यंत संतुष्ट दिखे। किसान श्री ध्रुव ने बताया कि ÷मोबाइल में किसान तुंहर टोकन ऐप के माध्यम से उन्हें कुछ ही क्षणों में टोकन प्राप्त हो गया, जिससे खरीदी प्रक्रिया और भी सरल व शीघ्र हो गई।उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था काफी बेहतर और किसान के सुविधा अनुरूप है। किसानों की सुविधा और सुझावों को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केंद्र में एक 'समाधान पेटी' की व्यवस्था भी की गई है, जिसमें किसान अपने सुझाव एवं आवश्यक जानकारी दर्ज प्रेषित कर सकते हैं। इससे प्रशासन को खरीदी व्यवस्था और अधिक मजबूत व पारदर्शी बनाने में सहायता मिलेगी। समर्थन मूल्य पर सुरक्षित, समयबद्ध और पारदर्शी खरीदी व्यवस्था से किसानों का विश्वास और भी बढ़ा है। जिला प्रशासन द्वारा सभी उपार्जन केंद्रों में बेहतर प्रबंधन, निगरानी और सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे खरीदी महाभियान सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

### कृषि विभाग के समन्वित प्रयासों से किसानों की समृद्धि के द्वार खुले

**महासमुंद 21 नवंबर।** महासमुंद जिले में कृषि विकास को गतिशील एवं लाभकारी बनाने के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। आधुनिक सिंचाई तकनीकों के विस्तार से लेकर किसानों को प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाने वाली योजनाओं तक, जिले ने लक्ष्य प्राप्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के सफल क्रियान्वयन ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के साथ जल संरक्षण, फसल उत्पादकता वृद्धि और किसानों की आर्थिक उन्नति की दिशा में विशेष योगदान दिया है। जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। निर्धारित 151 हेक्टेयर सिंचाई लक्ष्य के विरुद्ध 84 कृषकों के खेतों में 149.66 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर के माध्यम से सिंचाई व्यवस्था स्थापित की गई। लक्ष्य के लगभग पूर्ण होने से किसानों को आधुनिक सिंचाई सुविधाओं का महत्वाकांक्षी लाभ मिला है। वर्ष 2025-26 के लिए कृषि विभाग ने कुल 264 हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली विस्तार का लक्ष्य रखा है, जिसमें 235 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई तथा 29 हेक्टेयर क्षेत्र में स्प्रिंकलर सिंचाई स्थापित की जाएगी। इस योजना से जल संरक्षण, फसलों की उत्पादकता वृद्धि और कृषि लागत में कमी की दिशा में प्रगति होगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले में 1,26,234 किसानों को योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है और पात्र किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के तहत जिले में 25.25 करोड़ रूपए की राशि किसानों को उनके खाते में प्राप्त हुई है। जिले में 1,39,063 किसानों का लैंड सीडिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने ली अधिकारियों की बैठक




**राजनांदगांव 21 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री संदीप शर्मा ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में पीडीएस, मध्यान्ह भोजन योजना, पोषण आहार योजना एवं आश्रम-छात्रावासों हेतु खाद्यान्न पर आधारित योजनाओं की समीक्षा की। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री संदीप शर्मा ने जिले में संचालित सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में प्रत्येक माह निर्धारित समय पर राशन के भंडारण एवं वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने सही मात्रा में गोदाम से उचित मूल्य दुकानों तक राशन के भंडारण के लिए दुकान संचालक को रैंडम बोरा तौल करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इस बात पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी भी तरह की लापरवाही होने पर दोषियों विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय उचित मूल्य दुकानों में एपीएल एवं बीपीएल के चावल रखने के लिए अलग-अलग स्थान सुरक्षित रखने कहा। सभी दुकानों में विभागीय कॉल सेंटर नंबर एवं खाद्यान्न के सैंपल प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री संदीप शर्मा ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में निर्धारित पात्रता अनुसार मध्यान्ह भोजन प्रदान करने एवं उसकी मात्रा का सही मूल्यांकन हेतु नाप के लिए उपकरण रखने हेतु निर्देशित किया। विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए स्वसहायता समूहों से प्राप्त खाद्य सामग्री का सतत मूल्यांकन एवं सही मात्रा में भोजन बने यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी समिति और विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग में पोषण ट्रैकर से काउंट को सही तरीके से उपयोग करने एवं उससे सही जानकारी का भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए। दर्ज संख्या, उपस्थिति, डाटा एण्ट्री के मिलान पर ध्यान देने के लिए कहा। सभी सुपरवाइजर को अपने क्षेत्र के आंगबाड़ी केन्द्र में निरीक्षण करते हुए प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र को निरीक्षण पंजी संधारित करने एवं प्रत्येक बच्चे पोषित हो इस बात पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आदिम जाति कल्याण विभाग में प्रत्येक बच्चे को प्राप्त राशि का उपयोग भोजन व्यवस्था एवं बच्चों की आवश्कता अनुरूप पूरा होना चाहिए। साथ ही अतिरिक्त अधीक्षक हॉस्टल में ही अपना निवास सुनिश्चित करें। उन्होंने शिकायत एवं सुझाव हेतु विभागीय कॉल सेंटर नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। बैठक में खाद्य आयोग के सदस्य सचिव श्री राजेंद्र महिलांग, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी सदस्य सचिव श्री राजीव जायसवाल, खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री देवेन्द्र कौशिक, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता, खाद्य विभाग से श्री सूरज दुबे, सहायक खाद्य अधिकारी श्री द्रोण कामड़ेसहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# किसान नेतराम ने धान खरीदी केन्द्र मनकी में बेचा 60 क्विंटल धान

- पारदर्शी और तीव्र गति से धान तौलाई पर जाहिर की संतुष्टि
- किसान जगेश्वर यादव ने विगत वर्ष के धान विक्रय से प्राप्त राशि से खेत में कराया तार फैंसिग कार्य और मरम्मत कार्य
- ऑनलाइन टोकन से किसानों का हुआ समय की बचत



**राजनांदगांव 21 नवम्बर।** शासन द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र मनकी में किसानों की वास्तविक उपज का पारदर्शितापूर्वक तीव्र गति से खरीदी की जा रही है। धान उपार्जन केन्द्र मनकी में ग्राम पार्रीकला, सुंदरा, तोरनकट्टा और मनकी के किसानों के धान खरीदी की जा रही है। धान खरीदी केन्द्र में 625 किसान पंजीकृत है। किसान मोबाईल एप्प ऑनलाईन टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से टोकन कटवाकर धान खरीदी केन्द्र पहुंच रहे हैं। ऑनलाईन टोकन कटने से किसानों को बहुत अच्छी सुविधा मिल गई है। धान खरीदी केन्द्र मनकी में धान खरीदी के संबंध में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में इलेक्ट्रानिक तौल मशीन उपलब्धता से किसानों के धान की जल्दी खरीदी हो गई और किसानों के समय की बचत हो रही है।

धान उपार्जन केन्द्र मनकी में पहुंचे ग्राम मनकी के किसान श्री जगेश्वर यादव ने बताया कि वे सरना और 110 किस्म का 75 कट्टा धान विक्रय किया है। किसान श्री जगेश्वर ने कहा कि उनके पास 3 एकड़ 44 डिसमिल खेती जमीन है। अभी कुछ रकबे का धान विक्रय करने आए हैं। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्र मनकी में किसानों के लिए सुविधाएं अच्छी उपलब्ध है। ऑनलाईन टोकन कटवाने से उनके समय की बचत हुई है। किसान जगेश्वर ने कहा कि वे डबल फसल लेते हैं इसके लिए वे अपने खेत में तार फैंसिंग कराएं है और खेत की मरम्मत भी कराए है। इस वर्ष भी खेत की मरम्मत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा धान खरीदी से यह सभी कार्य संभव हो सका है। वे रबी मौसम में गेंहू, सब्जी की फसल भी लेते हैं।

इसी तरह धान उपार्जन केन्द्र मनकी में ग्राम सुंदरा के किसान श्री सदाराम साहू के पुत्र श्री नेतराम साहू ने 60 क्विंटल धान विक्रय के लिए पहुंचे थे। श्री नेतराम साहू ने बताया कि धान विक्रय केन्द्र मनकी पहुंचने पर उन्हें शीघ्र बारदाना उपलब्ध हुआ और इलेक्ट्रानिक तौलाई मशीन से पारदर्शिता के साथ उनके सामने धान की तौलाई की गई है। जिससे उन्होंने संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए छांव, पेयजल, बैठने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी से किसानों को बहुत लाभ हो रहा है। विगत वर्ष धान विक्रय की प्राप्त राशि से वे अपनी आजीविका और खेती-किसानी बढ़ाने के लिए उपयोग किए हैं। उन्होंने किसानों को उनके उपज की सही कीमत और समय पर भुगतान होने पर खुशी जाहिर की। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

### छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने आश्रम-छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय उचित मूल्य दुकानों एवं विद्यालयों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 21 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री संदीप शर्मा ने आज अपने राजनांदगांव जिले के प्रवास के दौरान आश्रम-छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय उचित मूल्य दुकानों एवं विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली भोजन एवं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री संदीप शर्मा ने शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास राजनांदगांव का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां बच्चों द्वारा हॉस्टल मेस के संचालन का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि भोजन की मात्रा नियम से कम मात्रा में बनाई गई है। इसके लिए बच्चों को सही मात्रा में भोजन बनाने के लिए समझाईश दी। उन्होंने छात्रावास में बनाए गए भोजन को चख कर गुणवत्ता का परीक्षण किया। स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन होने पर उन्होंने संतुष्टि जाहिर की। बच्चों ने बताया कि अधीक्षक हॉस्टल में ही रहती है। इसी तरह उन्होंने प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास राजनांदगांव का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अधीक्षक को दाल की गुणवत्ता में सुधार और फोर्टीफाइड चावल को सही तरीके से पकाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक खाना सही मात्रा में खिलाने के लिए कहा। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री संदीप शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्र बांकल का निरीक्षण किया। वहां बताया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के अंतर्गत 12 आवेदन प्राप्त हुए है। श्री संदीप शर्मा ने शिकायत एवं सुझाव के लिए नंबर रखने तथा बच्चों की उपस्थिति में सुधार करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं महिलाओं को पोषण आहार मिले, यह सुनिश्चित करें। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने पोषण ट्रैकर ऑनलाईन भरने संबंधी जानकारी का अवलोकन किया। उन्होंने श्री अन्नपूर्णा प्राथमिक उप सहकारी भंडार मर्यादित डोंगरगढ़ का निरीक्षण किया। वार्ड क्रमांक 2 में शासकीय उचित मूल्य की दुकान की जगह जय बुढ़ादेव स्वसहायता समूह डोंगरगढ़ को दिया गया है, लेकिन संचालन की स्थिति में गंभीर अनियमितता पायी गई और पहले अनियमितता तथा लापरवाही बरतने वाले संचालक, अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य सभी सदस्यों पर कड़ी कार्रवाई करने कहा। एक ही नाम से तीन दुकान आबंटन दिखने पर फूड कंट्रोलर को डेटा बेस तत्काल अपडेट करने को कहा गया। उन्होंने 180 क्विंटल चोरी व कमी के कारणों की बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय उचित मूल्य की दुकान ग्राम बांकल की जांच की। जहां भंडारण 47 बोरा चावल, शक्कर की मात्रा सही पाया गया। स्टॉक रखने के तरीके एवं नान से चावल को नाप कर लेने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री संदीप शर्मा ने शासकीय प्राथमिक शाला नंबर 1 डोंगरगढ़ में रसोई घर का निरीक्षण किया। उन्होंने रसोइया एवं प्रभारी शिक्षक से बच्चों को प्रदाय की जाने वाली राशन की मात्रा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता एवं मात्रा में किसी भी तरह की कोताही नहीं होना चाहिए। उन्होंने भोजन को चखकर गुणवत्ता को परखा। इस दौरान खाद्य आयोग के सदस्य सचिव श्री राजेंद्र महिलांग, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी सदस्य सचिव श्री राजीव जायसवाल, खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री देवेन्द्र कौशिक, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता, खाद्य विभाग से श्री सूरज दुबे, सहायक खाद्य अधिकारी श्री द्रोण कामड़े सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जनजातीय गौरव दिवस 2025 : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जशक्राफ्ट के उत्पादों की सराहना की

**रायपुर, 21 नवम्बर।** जनजातीय गौरव दिवस 2025 के अवसर पर 20 नवम्बर 2025 को पी.जी. कॉलेज मैदान अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम में जशपुर वनमंडल की ओर से जशक्राफ्ट ब्रांड के अंतर्गत एक प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल में वन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों बाँस एवं सवई यास-से निर्मित आकर्षक हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इनमें मुख्य रूप से झुमके, माला, टोपी सहित अन्य पारंपरिक आभूषण एवं उपयोगी सामग्री शामिल थीं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने जशक्राफ्ट के हस्तशिल्प उत्पादों को देखकर विशेष प्रशंसा व्यक्त की।

### जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों व बिचौलियों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई

**राजनांदगांव 21 नवम्बर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री के रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज 25 लाख 42 हजार रूपए के 820 क्विंटल (2050 कट्टा) धान जप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि धान उपार्जन केन्द्र खुर्सीपार में ग्राम सेम्हरा के कोचिया व बिचौलिया स्वयं के उपज का फसल कटाई किये बिना, ग्रीष्मकालीन धान को खरीफ फसल के साथ मिलाकर खपाने का प्रयास किया जा रहा था। जिसे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ द्वारा जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। अब तक जिले में कोचियों और बिचौलियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 55 लाख 92 हजार 400 रूपए मूल्य के 1804 क्विंटल (4510 बोरी) धान एवं 2 वाहन की जप्त की जा चुकी है। राजनांदगांव अनुविभाग में 18 लाख 56 हजार 900 रूपए मूल्य के 599 क्विंटल (1500 बोरा) धान एवं डोंगरगढ़ अनुविभाग में 30 लाख 41 हजार 100 रूपए मूल्य के 981 क्विंटल (2452 बोरा) धान तथा डोंगरगांव अनुविभाग में 55 लाख 92 हजार 400 रूपए मूल्य के 1804 क्विंटल (4510 बोरा) धान जप्त किया गया है। जप्त धान एवं वाहन को धान खरीदी अवधि के बाद ही मुक्त किये जाने के निर्देश दिये गये हैं खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी ने बताया कि कोचियों एवं बिचौलियों पर आगे भी लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है।

### छत्तीसगढ़ का प्रमुख बर्ड वॉक एवं जैव विविधता संरक्षण केंद्र गिधवा-परसदा

**रायपुर, 21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ का प्रमुख बर्ड वॉक एवं जैव विविधता संरक्षण केंद्रः गिधवा-परसदासाल 2023 में किए गए जैव विविधता सर्वेक्षण के अनुसार यहां 104 मछलियों, 19 उभयचरों और 243 पक्षियों की प्रजातियां दर्ज की गईं। अक्टूबर से मार्च के बीच भारत, रूस, मंगोलिया, बर्मा, बांग्लादेश सहित कई देशों से हजारों प्रवासी पक्षी यहां आते हैं। इसी कारण गिधवा- परसदा परिसर छत्तीसगढ़ का एक लोकप्रिय बर्ड-वॉक और प्रकृति अध्ययन केंद्र बन गया है।

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में स्थित गिधवा-परसदा आर्द्रभूमि परिसर राज्य का सबसे समृद्ध और सक्रिय पक्षी आवास क्षेत्र माना जाता है। गिधवा, गिधवा-2, परसदा, कूर्मू तथा एसएसएमटी जैसी जलाशयों से मिलकर बना यह परिसर स्थानीय और प्रवासी पक्षियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बेहतर प्रबंधन और अनुकूल प्राकृतिक वातावरण के कारण यह स्थल राज्य का प्रमुख पारिस्थितिक केंद्र बन चुका है।

वन मंत्री श्री केदार कश्यप की पहल पर गिधवा-परसदा न केवल जैव विविधता का आश्रय स्थल बना है, बल्कि जनजागरूकता, प्रशिक्षण और प्रकृति-आधारित पर्यटन का उत्कृष्ट केंद्र भी बन रहा है। यहां आयोजित राज्य स्तरीय बर्ड फेस्टिवल, जनसहभागिता कार्यक्रमों और संरक्षण-उन्मुख गतिविधियों ने इसे एक प्रमुख प्रकृतिक शिक्षा केंद्र का रूप दिया है। इन आयोजनों में स्थानीय समुदाय, विद्यार्थी, प्रकृति प्रेमी और विशेषज्ञ सक्रिय रूप से शामिल होते हैं, जिससे न केवल जागरूकता बढ़ी है बल्कि स्थानीय आर्थिक अवसर भी विकसित हुए हैं।

छत्तीसगढ़ का प्रमुख बर्ड वॉक एवं जैव विविधता संरक्षण केंद्रः गिधवा-परसदागिधवा-परसदा परिसर की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है यहां नियमित रूप से आयोजित बर्ड वॉक, फॉरेस्ट ट्रेल और नेचर ट्रेल जैसी गतिविधियाँ। इन ट्रेल्स में विद्यार्थियों और आगंतुकों को पक्षियों, पौधों और अन्य प्रजातियों की पहचान सिखाई जाती है। वन विभाग के प्रशिक्षित मार्गदर्शकों द्वारा पारिस्थितिकी, वन्यजीव संरक्षण और प्राकृतिक संतुलन के बारे में सरल और वैज्ञानिक जानकारी दी जाती है।

सुदृढ़ प्रबंधन, स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी तथा निरंतर प्रशिक्षण-आधारित गतिविधियों ने गिधवा-परसदा को जैव विविधता संरक्षण और इको-पर्यटन का सफल मॉडल बना दिया है। यह परिसर आज न केवल छत्तीसगढ़ का सर्वोत्तम बर्ड वॉक स्थल है बल्कि वैज्ञानिक महत्व, सामुदायिक सहभागिता और प्रकृति संरक्षण के उत्कृष्ट समन्वय का उदाहरण भी है।

### नई शिक्षा नीति में कौशल उन्नयन महत्वपूर्ण : स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव

**रायपुर,21 नवंबर।** दुर्ग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) द्वारा अछोटी में दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि आधुनिक समय में केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही नहीं, बल्कि कौशल आधारित प्रशिक्षण भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ कौशल उन्नयन ही विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाएगा और उन्हें बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप सक्षम बनाएगा। कार्यशाला के दौरान शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी मंत्री श्री यादव ने व्यवसायिक शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों और संभावनाओं पर शिक्षकों से विस्तृत चर्चा की।

**कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

दूरभाष एवं फैक्स 07856-244910 Email-cmogeedam@gmail.com

क्रमांक/1704/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 गीदम, दिनांक 19/11/2025

**//मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना//**

एतद् द्वारा अधोसंरचना मद से स्वीकृत कार्यों का नगर पंचायत गीदम द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में प्रचलित पी. डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर. भवन 2015 व सड़क 2025 से फार्म 'ए' में प्रतिशत दर में निविदा तीन लिफाफा पद्धति से रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्न विवरण अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 03/12/2025 समय 5.00 बजे
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 08/12/2025 समय 5.30 बजे
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 12/12/2025 समय 5.30 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 15/12/2021 समय 3.00 बजे

| क्र. | विवरण | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि रू. में | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01 में फूलो बाई के घर से बंशी नाग के घर तक नाली निर्माण कार्य | 8.02 | 6050.00 | 750.00 |
| 2 | वार्ड क्र. 01 में राम के घर से कृष्णा राव के घर तक नाली निर्माण कार्य | 3.85 | 4000.00 | 750.00 |
| 3 | वार्ड क्र. 02 में पुराना नाका चौक से महेश स्वर्ण घर तक सड़क चौडीकरण कार्य | 7.50 | 5700.00 | 750.00 |
| 4 | वार्ड क्र. 04 में राजा सुराना के घर से लोकनाथ घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 6.35 | 4800.00 | 750.00 |
| 5 | वार्ड क्र. 05 में चन्द्रभान गुप्ता के घर से मुकेश सोनी के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 4.03 | 4050.00 | 750.00 |
| 6 | वार्ड क्र. 05 में मंदिर के पास से देवांगन के घर सामने नाली निर्माण कार्य | 6.77 | 5100.00 | 750.00 |
| 7 | हाउरनार बोधघाट पम्प हाउस में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य | 9.95 | 7500.00 | 750.00 |
| 8 | वार्ड क्र. 05 लक्ष्मीचंद यादव घर के सामने बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य | 9.95 | 7500.00 | 750.00 |
| 9 | वार्ड क्र. 05 में मनोज गुप्ता के घर मंदिर तक नाली निर्माण कार्य | 4.09 | 4100.00 | 750.00 |
| 10 | वार्ड क्र. 06 में जगदीश राठी के घर सामने से मल्लिकार्जुन दुकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 9.35 | 7050.00 | 750.00 |
| 11 | वार्ड क्र. 07 में ओम देवांगन के घर से तालाब तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 9.60 | 7200.00 | 750.00 |
| 12 | वार्ड क्र. 07 में पवन ध्रुव के घर से शिव कुमार घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 6.00 | 4500.00 | 750.00 |
| 13 | वार्ड क्र. 07 में पवन ध्रुव के घर से पुलिया तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 9.89 | 7450.00 | 750.00 |
| 14 | वार्ड क्र. 07 दीपक शास्त्री घर से शिव मंदिर बाउण्ड्रीवॉल के पीछे तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 9.56 | 7200.00 | 750.00 |
| 15 | वार्ड क्र. 07 सामुदायिक भवन के सामने पुलिया निर्माण कार्य | 4.97 | 5000.00 | 750.00 |
| 16 | वार्ड क्र. 08 में दुर्गा मंदिर से कन्या शाला तक नाली निर्माण कार्य | 8.37 | 6300.00 | 750.00 |
| 17 | वार्ड क्र. 12 में प्रमिला तिवारी घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य | 4.97 | 5000.00 | 750.00 |
| 18 | वार्ड क्र. 12 में अम्बिका से तिवारी दुकान के सामने तक नाली निर्माण कार्य | 9.93 | 7500.00 | 750.00 |
| 19 | वार्ड क्र. 12 में बलराम सिन्हा घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य | 4.97 | 5000.00 | 750.00 |
| 20 | वार्ड क्र. 13 में शुक्ला घर के पास थाना के पीछे सी.सी. रोड निर्माण | 6.30 | 4750.00 | 750.00 |
| 21 | वार्ड क्र. 13 में एस.एल.आर.एम. के सामने पुलिया निर्माण कार्य | 4.97 | 5000.00 | 750.00 |
| 22 | वार्ड क्र. 14 भैरम बाबा के समीप बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य | 9.65 | 7250.00 | 750.00 |
| 23 | वार्ड क्र. 14 में कम्पोस्ड शेड के सामने बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य (कम्पोस्ड शेड के पास) | 9.95 | 7500.00 | 750.00 |
| 24 | वार्ड क्र. 15 में महोदव घर से रामसिंह के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 8.09 | 6100.00 | 750.00 |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत गीदम
जिला-द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

# पौधारोपण से हरियाली, आय में वृद्धि और सशक्तिकरण की अनोखी पहल

**धमतरी 21 नवम्बर।** विकासखंड के ग्राम पंचायत सारंगपुरी ने वर्ष 2024-25 में एक ऐसा ऐतिहासिक कदम उठाया, जिसने न केवल गांव को हरियाली से भर दिया स्थानीय महिलाओं के लिए रोजगार, आय और सम्मान का नया मार्ग भी खोल दिया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और डीएमएफ के अभिसरण से शुरू किया गया मिश्रित वृक्षारोपण कार्य गांव के सामाजिकदृआर्थिक विकास का एक आदर्श मॉडल बन चुका है। यह केवल पेड़ लगाने का कार्य नहीं एक सोच, एक दृष्टिकोण और एक दीर्घकालिक परिवर्तन का सफल उदाहरण है। इस परियोजना ने दिखा दिया कि जब पंचायत, प्रशासन, महिला समूह और समुदाय एकजुट होकर काम करते हैं तब विकास के हर रास्ते स्वतः प्रस्फुटित होने लगते हैं।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत सारंगपुरी में 14.14 लाख रुपये (मनरेगा 6.27 लाख . डीएमएफ 7.87 लाख) की राशि स्वीकृत हुई। कुल 5.20 एकड़ भूमि पर मिश्रित वृक्षारोपण जिसमें फलदार पौधों के साथ-साथ भूमि सुधार, जल संरक्षण और आय संवर्धन को भी साथ में जोड़ना मुख्य उद्देश्य था। ग्राम पंचायत की सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय समुदाय ने मिलकर तय किया कि यह कार्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं रहेगा इसे आजीविका आधारित मॉडल बनाया जाएगा जिससे गांव की महिलाओं की आय बढ़े और लंबे समय तक इसका लाभ ग्राम समाज को मिलता रहे।

वृक्षारोपण कार्य की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत सारंगपुरी को मिली। इसके लिए राधाकृष्णा स्वसहायता समूह को कार्य में सम्मिलित किया गया। 13 सदस्यों वाला यह महिला समूह पहले से ही सक्रिय था परंतु उनके पास स्थाई आय का कोई पुख्ता स्रोत नहीं था। इस कार्य के लिए समूह की महिलाओं ने वृक्षारोपण की प्रक्रिया को गति देना शुरू किया जिसमें भूमि की साफ-सफाई, गड्ढा खुदाई, पौधों की रोपाई, फेंसिंग कार्य, बोरखानन और पानी व्यवस्था जैसे सभी कार्यों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। सरकार द्वारा डीएमएफमद से फेंसिंग और बोर खनन की व्यवस्था कर दी गई जिससे पौधों का संरक्षण आसान हो गया। इस परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण चरण था 840 पौधों की रोपाई। इनमें फलदार पौधों का चयन सोचदृसमझकर किया गया जैसे - आम, अमरूद, नींबू, कटहल, जामुन, सीताफल, करौंदा आदि इस विविधता के कारण यह मिश्रित वृक्षारोपण स्थल आने वाले वर्षों में एक बहु फसली फलोद्यान के रूप में विकसित होगा। इससे समूह को लगातार और लम्बे समय तक आय प्राप्त होगी।

वृक्षारोपण कार्य के बाद महिलाओं ने एक नया प्रयोग शुरू किया जिसमें पौधों के बीच अंतर वाली भूमि पर मौसमी सब्जियों की खेती लगाई भाटा, बरबट्टी, ग्वारफली, गोभी, लौकी, करेला यह नवाचार इस परियोजना की सबसे बड़ी उपलब्धि साबित हुआ। अगस्त 2025 से शुरू हुए सब्जी उत्पादन ने समूह को अब तक लगभग 1.50 लाख रुपये की अतिरिक्त आय दिलाई। स्वसहायता समूह की महिलाएं खुशी से बताती हैं - पहले हम मजदूरी पर निर्भर थे पर अब अपने खेत, अपने पौधे और अपनी सब्जियों से आय कमा रहे हैं। घर चल रहा है। बच्चों की पढ़ाई में मदद मिल रही है और गांव में हमारा सम्मान बढ़ा है। इस आर्थिक उन्नति ने महिलाओं में आत्मविश्वास और सामुदायिक नेतृत्व क्षमता बढ़ाई है। गांव के पर्यावरण पर इसके गहरे और दीर्घकालिक प्रभाव देखे जा रहे हैं। जल संरक्षण में वृद्धि, बोर खनन एवं वृक्षारोपण के कारण, भूमि में नमी बढ़ी, बरसात का पानी जमीन में समाने लगा, आसपास के कुओं और बोर के जलस्तर में सुधार दिख रहा है। पहले यह भूमि बंजर थी और बारिश आते ही मिट्टी बह जाती थी। वृक्षारोपण के बाद जड़ें मिट्टी को बांधने लगी। वर्षा के पानी का कटाव कम हुआ। भूमि उपजाऊता बढ़ी। अतिक्रमण से मुक्ति खाली पड़ी जमीन पर अतिक्रमण का संकट हमेशा रहता है। परंतु अब जब यह क्षेत्र उपयोगी परियोजना में बदल चुका है पूरी भूमि सुरक्षित है। फेंसिंग के कारण कोई बाहरी दखल नहीं, ग्राम पंचायत की संपत्ति संरक्षित ।यह परियोजना भूमि-सुरक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण बन गई है।

राधाकृष्णा स्वसहायता समूह की महिलाएं बताती हैं कि पहले वे घर और खेत के छोटे-मोटे कामों तक सीमित थीं। आय का कोई निश्चित साधन नहीं था। आर्थिक संकट से जूझना पड़ता था लेकिन इस परियोजना के बाद उनकी नियमित आमदनी होने लगी बैंक खाते सक्रिय हुए परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरी, बच्चों की शिक्षा और पोषण में सुधार आया, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ी, गांव में उनका सम्मान बढ़ा।

समूह की एक सदस्य कहती हैं हमने कभी सोचा नहीं था कि पौधे और सब्जियां हमें इतना कुछ दे सकती हैं। अब हम सब मिलकर आगे और भी काम करना चाहते हैं। इस परियोजना को सफल बनाने में पंचायत का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

## एक नजर

### श्रीराम-जानकी विवाहोत्सव प्रारंभ



**रायपुर, 21 नवम्बर।** जैतू साव मठ पुरानी बस्ती रायपुर में श्रीराम जानकी विवाहोत्सव प्रारंभ हो गया है। पुजारी सुमित तिवारी ने बताया कि प्रातः काल महिला मंडली के छत्तीसगढ़ी बिहाव गीत के संग तेल हरदाही नेग किया गया, विशेष श्रृंगार किया गया है, साथ ही जानकीको पैर में माहुर लगाया गया, 25 नवंबर को विवाह मनाया जाएगा तब तक 5 दिन 5 तेल हल्दी चढाया जाएगा, मठ में विवाह जोरन के लिए विविध कलेवा पपची, अईरसा बनाया जा रहा है।

### कर्मचारी तत्काल काम पर लौटें : बजाज



**रायपुर, 21 नवम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सहकारी नेता अशोक बजाज ने सहकारी समिति के प्रबंधकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरो से किसानों एवं सहकारिता के व्यापक हित में तत्काल हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने का आग्रह किया है। बजाज ने कहा कि उनकी जायज मांगों के संबंध में सरकार से चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायपहले ही कह चुकें हैं कि धान खरीदी में लगे कर्मचारियों सहित किसी भी व्यक्ति को किसी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

### छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना में मतभेद

**रायपुर, 21 नवम्बर।** छत्तीसगढ़िया क्रांतिसेना की राजनैतिक इकाई जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी से बलौदाबाजार जिला के बिलाईगढ़ से जेसीपी के सदस्य रामेश्वर सोनवानी को निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासन का पत्र जारी करते हुए जोहर पार्टी के केंद्रीय महासचिव भूषणलाल साहू ने कहा कि रामेश्वर सोनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है, जो कि पार्टी संविधान के विपरीत है। जिसके चलते रामेश्वर सोनवानी को अनुशासनात्मक कार्यवाही कर पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इस निष्कासन से ऐसा लगता है कि जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी में वैचारिक मतभेद हैं, जिससे अंदरूनी गुटबाजी सतह पर आ गई है।

### संस्कृत दीक्षारंभ समारोह आयोजित

**रायपुर, 21 नवम्बर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र में संस्कृत विषय के प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम का उद्घाटन एवं दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के संचालक प्रो. रविंद्र ब्रह्मे ने बताया कि संस्कृत विषय के प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम का उद्घाटन एवं दीक्षारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. साच्चिदानन्द शुक्ला, तथा कार्य परिषद के वरिष्ठ सदस्य एवं विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में मुख्य वक्ता दुधाधारी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार झारी थे। प्रो. ब्रम्हे ने बताया कि कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। संस्कृत विषय के प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम का उद्घाटन एवं दीक्षारंभ समारोह में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता ने बताया कि संस्कृत केवल वेद अध्ययन एवं कर्मकांड के लिए नहीं है।

## निधन

### गीतादेवी शर्मा



**रायपुर, 21 नवम्बर।** जिया वाले स्वर्गीय लखनलाल शर्मा की धर्मपत्नी गीता देवी शर्मा निवासी खपराभट्ठी, आमापारा का आज स्वर्गवास हो गया है। अंतिम संस्कार आज महादेव घाट रायपुर में किया गया। वे प्रदीप तिवारी (पप्पी) की मां थीं।

### गौतम अग्रवाल



**रायपुर, 21 नवम्बर।** गौतम अग्रवाल पत्नी स्व. मदन मोहन अग्रवाल (72) कायस्थ पारा निवासी का निधन 20 नवम्बर को हो गया है। वे संतोष हेमा और रूबी की माताजी थीं। आज मारवाड़ी मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया।

# धर्मांतरण पर कानून बनाने की तैयारी में सरकारः शर्मा

## शीतकालीन सत्र में लेकर आएगी कानून



**रायपुर, 21 नवम्बर।** प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से लगातार आ रही धर्मांतरण की खबरों के बीच साय सरकार आखिरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि दिसंबर महीने में आयोजित छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार धर्मांतरण पर कानून लाने जा रही है.

उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में नक्सली कमांडर हिड़मा की मौत पर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के पोस्ट पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि जो आज यह कह रहे हैं, वे ताड़मेटला के शहीद जवानों पर क्यों कुछ नहीं कहते. बस्तर में आठ महीने के बच्चे को मार दिया गया, उस पर क्यों नहीं कहते. झीरम में शीर्ष नेतृत्व को समाप्त कर दिया गया, उस पर क्यों कुछ नहीं कहते. ऐसा कहने वाले लोगों शर्म आना चाहिए. ऐसे लोगों को हाथ जोड़कर नक्सल प्रभावित परिवारों से माफी मांगना चाहिए.

विजय शर्मा ने इस महीने में दूसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह अच्छा है. भाग्य का विषय है. प्रधानमंत्री ने राज्योत्सव के लिए समय दिया. प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट मार्गदर्शन मिल रहा है. राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का दौरा हो चुका है. छत्तीसगढ़ के शासन-प्रशासन को प्रमोशन मिलता है. वहीं डीजीपी कॉन्फ्रेंस पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह हर वर्ष होता है. नवाचार की सभी को जानकारी हो. नवाचार के आधार पर पुलिसिंग मजबूत करे. इसे लेकर डीजीपी कॉन्फ्रेंस हो रही है.

### राजस्व निरीक्षक प्रमोशन भर्ती घोटाला में वीरेन्द्र जाटव एवं हेमन्त कौशिक गिरफ्तार



**रायपुर 21 नवंबर।** राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण/एन्टी करप्शन ब्यूरो में पटवारी से राजस्व निरीक्षक प्रमोशन भर्ती घोटाला में धारा 7(सी) भ्र.नि.अधि. 1988 यथासंशोधित 2018 एवं धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भा.द.वि. के तहत अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में आरोपी वीरेन्द्र जाटव, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख रायपुर एवं हेमन्त कौशिक, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, कार्यालय क्षेत्रीय उप आयुक्त भू-अभिलेख रायपुर के विरूद्ध स्वयं एवं वरिष्ठ अधिकारियों को असम्यक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से परीक्षार्थियों से मोटी रकम लेकर प्रश्नपत्र लीक करने एवं परीक्षा पूर्व प्रश्नों की तैयारी कराने के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य होने पर गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें न्यायालय भ्र.नि.अधि. के समक्ष पेश कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाती है।

# रेल यात्रियों से अधिक किराया वसूल रहे स्टेशन के ऑटो चालक

## 3 किलोमीटर के लिए 80 से 100 रुपए की मांग



**रायपुर, 21 नवम्बर।** रेलवे स्टेशन परिसर में खड़े रहने वाले ऑटो चालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं. यहां प्री-पेड बूथ होने के बाद भी ऑटो चालक यात्रियों से तय रेट से ज्यादा किराया ले रहे हैं. कई ऑटो चालक किराए को लेकर यात्रियों से अभद्रता भी कर रहे हैं. ऑटो चालक यात्रियों के ट्रेन से उतरते ही परिसर में उन्हें घेर लेते हैं और ज्यादा किराए की डिमांड करते हैं. तीन किलोमीटर दूरी तक जाने के लिए ऑटो वाले 80 से 100 रुपए की मांग करते हैं. वहीं सात किलोमीटर की दूरी के लिए 200 से 225 रुपए तक किराया मांगते हैं.

### यह है रेट लिस्ट

| स्थान | दिन | रात |
|---|---|---|
| अग्रसेन चौक | 60 | 75 |
| आंबेडकर चौक | 60 | 75 |
| अवंती बाई चौक | 100 | 120 |
| अनुपम नगर | 120 | 150 |
| डीडी नगर | 120 | 150 |
| इंद्रप्रस्थ कॉलोनी | 200 | 240 |
| उरकुरा | 190 | 230 |
| टाटीबंध | 130 | 150 |
| तेलीबांधा | 100 | 120 |
| बूढ़ापारा | 100 | 120 |

यात्रियों की शिकायत मिलने पर जब इसकी पड़ताल की तो ऑटो चालकों द्वारा यात्रियों से ज्यादा किराया वसूल किए जाने की बात सामने आई.

# अब शिक्षक आवारा कुत्तों की भी गिनती करेंगे

**रायपुर, 21 नवम्बर।** राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में अब कुत्तों की सूचना देने स्कूलों में नोडल नियुक्त किया जाएगा। जिसके लिए लोक शिक्षण संचालनालाय ने सभी डीईओ को पत्र भेजा है। जारी आदेश के अनुसार, स्कूल के प्राचार्य या संस्था प्रमुख नोडल नियुक्त होंगे, जो स्कूल के आसपास आवारा कुत्तों की सूचना देंगे। इसके साथ ही नजदीक के डॉग कैचर नोडल अधिकारी को भी सूचना देंगे। बता दें सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद यह पत्र जारी किया गया है। जारी आदेश में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर की गई सुनवाई और दिए गए आदेश की समीक्षा का हवाला दिया गया है। इसके साथ ही तीन बिंदुओं में आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक शाला के प्राचार्य/ संस्था प्रमुख को नोडल नियुक्त किया जाए, जो शाला परिसर के आस-पास विचरण कर रहे आवारा कुत्तों की सूचना, ग्राम पंचायत/ जनपद पंचायत/निगम के डॉग कैचर नोडल अधिकारी को देंगे। शाला प्रमुख ग्राम पंचायत/ जनपद पंचायत/ निगम के सहयोग से शाला में आवारा कुत्तों के प्रवेश की रोकथाम हेतु आवश्यक प्रबंध करेंगे। आवारा कुत्तों के काटने पर प्रभावित बच्चे को त्वरित रूप से उपचार हेतु निकट के स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। आज डीपीआई ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

# कलेक्टर गाइडलाइन का रियल एस्टेट सेक्टर में विरोध

**रायपुर, 21 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में अचानक नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू किए जाने के बाद जमीन की सरकारी दरों में 20 से 300 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी गई है. ये नई दरें 20 नवंबर से प्रभावी हो गई हैं, जिसका सीधा असर रजिस्ट्री शुल्क और स्टांप ड्यूटी पर पड़ रहा है. इससे जमीन खरीदना और बेचना पहले की तुलना में काफी महंगा हो गया है. नई गाइडलाइन के कारण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई से लेकर अंबिकापुर सहित कई जिलों में जमीन, प्लॉट और मकानों के दामों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है. रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े लोग इसे उद्योग, शहरीकरण और आधारभूत संरचना पर सीधा प्रभाव मान रहे हैं.

नई कलेक्टर गाइडलाइन के विरोध में छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन ने सोमवार को दोपहर 3 बजे प्रोग्रेसिव पॉइंट में महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है. एसोसिएशन के चेयरमैन महेश आर्या ने कहा कि इस बैठक में बढ़ाई गई दरों को वापस लेने की मांग शासन के सामने मजबूती से रखने की रणनीति तय की जाएगी. एसोसिएशन ने बिल्डर्स, चेंबर ऑफकॉमर्स और सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे इस मुद्दे पर एकजुट होकर विरोध दर्ज कराएं, क्योंकि यह निर्णय पूरे व्यापार और आम जनता दोनों के हित में बड़ा नुकसान पहुंचाने वाला है।

### गाइडलाइन की दरों में 10 से 100 प्रतिशत बढ़ोतरी अनुचित : कांग्रेस

**रायपुर, 21 नवंबर।** राजीव भवन में पत्रकार वार्ता लेकर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जमीनों के गाईड लाइन दर बढ़ाने का कांग्रेस विरोध करती है, यह सरकार का अदूरदर्शी फैसला है। गाईडलाइन की दर बढ़ने से आम आदमी को परेशानी होगी, लोगों का मकान, दुकान, फैक्ट्री बनाने का खर्च बढ़ जायेगा। भूमि की खरीदी-बिक्री बंद हो जायेगी या कम हो जायेगी, बेरोजगारी बढ़ेगी। यह प्रदेश के विकास में बाधा पहुंचाने वाला फैसला है। इस फैसले का कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ कि एक साल में जमीन की गाईडलाईन 130 प्रतिशत तक बढ़ा दी गयी हो। मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली, पुणे जैसे एवं अन्य बड़े शहरों में भी जमीन की गाईडलाईन की दर एक बार में 10 से 15 प्रतिशत ही बढ़ाई जाने की परंपरा रही है। सरकार पहले भूमि के गाईडलाईन दरों में कांग्रेस सरकार के समय दिये जाने वाले 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया। अब अचानक से जमीनों की सरकारी कीमत 10 से 100 प्रतिशत बढ़ा दिया, मतलब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद भूमि की सरकारी कीमत 40 से 130 प्रतिशत बढ़ गयी। पिछले हफ्ते ही सरकार ने निवेश क्षेत्र में कृषि भूमि की रेट की गणना में परिवर्तन किया, यदि एक किसान को एक एकड़ जमीन बेचना है तो शुरूआत के 15 हजार वर्गफीट तक वर्गफीट के हिसाब से स्टांप ड्यूटी देना होगा तथा उसके बाद की जमीन पर हेक्टेयर के दर से स्टांप ड्यूटी देनी होगी।

### विधायक सुनील सोनी को धमकी



**रायपुर, 21 नवंबर।** दक्षिण विधायक और पूर्व सांसद सुनील सोनी को अज्ञात कालर ने फोन कर धमकी दी। एक तरह से यह डिजिटल अरेस्ट जैसा मामला बताया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोनी को यह काल परसों बुधवार शाम को आया। अज्ञात कालर ने स्वयं को आईबी अफसर बताया और सोनी से कहा कि आपका नंबर पहलगाम कश्मीर में हुए आतंकी हमले की जांच में ट्रेस हुआ है। इस नंबर से हमले को लेकर कई काल हुए हैं। इसे खारिज करते हुए विधायक सोनी ने अपना परिचय दिया। इस पर वह कालर सहमत नहीं हुआ और लंबी चौड़ी बातें करते हुए सोनी को पूछताछ के लिए आईबी आफिस तलब किया। अज्ञात काल ड्राप होने के बाद सोनी ने एसएसपी लाल उमेद सिंह को तत्काल सूचना दी। सिंह के कहने पर विधायक सोनी ने पूरा घटनाक्रम साइबर सेल के अफसर मित्तल को लिखित में भेजा। इस मामले में साइबर पुलिस जांच शुरू कर दी है। इसकी पुष्टि के लिए साइबर थाने कई काल करने पर फोन लिफ्ट नहीं किया जाता रहा। और सेल के एक अधिकारी ने उन तक शिकायत न मिलने की जानकारी दी।

# जस-झांकी लोक कला महोत्सव में रामधुन का आयोजन



**रायपुर, 21 नवम्बर।** जय माँ महामाया जस बईहा झांकी परिवार गब्दा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले जन्मोत्सव महोत्सव के अवसर पर इस वर्ष भी एक दिवसीय जस-झांकी लोक कला महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिनका ग्रामवासियों और आयोजक मंडल द्वारा पुष्पहार एवं पारंपरिक सम्मान के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ महामाया के जयघोष एवं रामधुनी के साथ हुई। पूरे आयोजन में क्षेत्रीय लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत जसगीत, झांकी और लोकनृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समस्त ग्रामवासियों ने एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया, जिससे पूरा कार्यक्रम उत्साह, श्रद्धा और लोकसम्मिलन का प्रतीक बन गया।

मुख्य अतिथि योगेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा जस-झांकी लोक कला महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी छत्तीसगढ़ी अस्मिता, परंपरा, आस्था और सामाजिक चेतना का उवल दर्पण है। हमारी मिट्टी की खुशबू, हमारी भाषा, हमारी लोकधुनें और हमारी मान्यताएँ—ये ही हमारी असली पहचान हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम न सिर्फअपनी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आगे कहा– गांव, समाज और संस्कृति—ये तीनों मिलकर हमारी जीवन-शैली और हमारी सभ्यता का आधार बनाते हैं। जस-झांकी जैसे कार्यक्रम समाज में प्रेम, एकता, सहयोग और सद्भावना को मजबूत करते हैं। यहाँ उपस्थित हर व्यक्ति, हर परिवार और हर संगठन का योगदान इस आयोजन को भव्य और सफल बनाता है। गब्दा ग्राम की एकजुटता और उत्साह वास्तव में जिले के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायी है।

# पशुओं के शवों के वैज्ञानिक और सुरक्षित निपटान के लिए उपयुक्त स्थल निर्धारित करने के निर्देश



**रायपुर. 21 नवम्बर।** राजधानी रायपुर में पिछले महीने हुए कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा दिए गए निर्देश पर अमल करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने शहरों में गौवंशीय एवं अन्य पशुओं के मृत शरीर के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निपटान के लिए उपयुक्त स्थल निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर पर्यावरणीय मानकों और जैव-सुरक्षा नियमों के अनुरूप 48 घंटे के भीतर पशुओं के मृत शरीर के निपटान के लिए निर्देशित किया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मंत्रालय से सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जारी परिपत्र में कहा गया है कि सभी निकायों में गौवंशीय तथा अन्य पशुओं के मृत शरीर के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निपटान के लिए उपयुक्त स्थल का चयन करते हुए तत्काल इसका निर्धारण करें। विभाग ने निपटान का स्थल आबादी से उचित दूरी पर तथा पर्यावरणीय मानकों एवं जैव-सुरक्षा नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग ने निकायों को मृत पशु के निपटान के लिए विशेष स्थान निर्धारित कर विधिवत निपटान के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। विभाग ने परिपत्र में बताया है कि मृत पशुओं के निपटान की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 258, मृत पशुओं का निराकरण एवं नगर पालिक निगम हेतु कूड़ा-करकट, गंदा, मल, मृत पशुओं तथा घृणोत्पादक पदार्थों का निपटान आदर्श उपविधियों, 2002 तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 289, जीव जन्तुओं के मृत शरीर के व्ययन के संबंध में विशेष उपबंध अधिनियम में उल्लेखित हैं। लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के तहत मृत पशुओं के निपटान की सेवा 48 घंटे की समय-सीमा में प्रदान किया जाना अनिवार्य है।

# बांके बिहारी प्राकट्योत्सव 25 नवम्बर को



**रायपुर, 21 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ की धार्मिक और सांस्कृतिक धरा पर पहली बार बांके बिहारी प्राकट्योत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर का आयोजन बांके बिहारी समिति द्वारा किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष सीए राजेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन भक्तों को श्रीकृष्ण की भक्ति में डुबोने और बांके बिहारीके प्राकट्य दिवस को हर्षोल्लास से मनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम 25 नवंबर को पूरे दिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और भक्ति कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा।

यह पहला अवसर है जब छत्तीसगढ़ में बांके बिहारीका प्राकट्योत्सव इस भव्यता से मनाया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक भक्त इस आयोजन में सम्मिलित होकर भगवान के प्रेम और भक्ति की अनुभूति करें। इस आयोजन में क्षेत्र के प्रमुख भक्तगण, संत-महात्मा और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। बांके बिहारी समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस दिव्य उत्सव में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

**प्रशिक्षण** | **रायपुर रेल मंडल में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन अभियान**

# गार्बेज डिस्पोजल मैनेजमेंट के संबंध में दिया गया विस्तृत मार्गदर्शन



**रायपुर, 21 नवम्बर।** मंडल रेल प्रशासन द्वारा रेल परिसर एवं चलती ट्रेनों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष स्वच्छता-जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों से गुजरने वाली गाड़ियों में तैनात ओबीएचएस स्टाफ एवं पैंट्रीकार कर्मचारियों को वाणिज्य विभाग के सुपरवाइजरों, वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम तथा स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा गार्बेज डिस्पोज़ल मैनेजमेंट के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

अभियान के दौरान प्रतिदिन मंडल के रायपुर, दुर्ग, भिलाई, भाटापारा सहित सभी प्रमुख स्टेशनों से गुजरने वाली विभिन्न गाड़ियों के ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग स्टाफ, पैंट्रीकार व क्लीन ट्रेन स्टाफ से संवाद स्थापित कर गाड़ियों में कचरा संग्रहण, वर्गीकरण, सुरक्षित निस्तारीकरण, यात्रियों को स्वच्छता हेतु प्रेरित करने तथा ट्रेनों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं। स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित दिशा-निर्देशों के पालन पर जोर देते हुए उन्हें नियमित, जिम्मेदार एवं सुरक्षित कचरा निपटान के लिए प्रेरित किया जा रहा है 7 इसी कड़ी में दिनांक 19 नवंबर 2025 को मुख्य वाणिज्य निरीक्षक वाणिज्य विभाग की टीम ने दुर्ग विशाखापट्टनम वंदे भारत ट्रेन के स्टाफको सुरक्षित कचरा निपटान के लिए प्रेरित किया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन में यह अभियान चरणबद्ध तरीके से पूरे रायपुर मंडल में चलाया जा रहा है, ताकि ट्रेनों में स्वच्छता व्यवस्था और अधिक प्रभावी तथा व्यवस्थित हो सके। इस प्रकार की पहलें स्टेशन एवं ट्रेनों में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और कर्मचारियों में जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ करती है। रायपुर मंडल यात्रियों से भी अपील करता है कि वे ट्रेनों में कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही डालें तथा स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के इस अभियान में सहयोग करें।

# स्वदेशी संकल्प यात्रा का होगा भव्य स्वागत



**रायपुर, 21 नवम्बर।** कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में पूरे देश में संचालित स्वदेशी संकल्प यात्रा 27 नवम्बर 2025 को छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी। स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत एवं वोकल फॉर लोकल के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निकली यह यात्रा प्रदेश में व्यापारी समुदाय और स्थानीय उद्योगों के लिए ऊर्जा एवं उत्साह का नया संचार करेगी। यात्रा के छत्तीसगढ़ प्रवास के प्रादेशिक चरण का शुभारंभ राजनांदगांव से भव्य समारोह में किया जाएगा, जिसके लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंहको मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति ने डॉ. रमन सिंहसे मिलकर स्वदेशी संकल्प यात्रा को राजनंदगांव से शुभारंभ एवं झंडी दिखाकर रवाना करने किया आमंत्रित। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी एवं स्वदेषी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने बताया कि विधानसभा अध्यक्षकी उपस्थिति में होगा प्रदेश में शुभारंभ संकल्प यात्रा से प्रदेश भर के व्यापारियों, उद्यमियों एवं स्वयंसेवकों को स्वदेशी आधारित व्यापारिक मॉडल की दिशा में और अधिक सक्रिय करेगी। स्वदेशी संकल्प यात्रा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में व्यापारिक संगठनों, उद्योग प्रतिनिधियों तथा युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित करेगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, छोटे एवं मध्यम व्यापार को सशक्त बनाना तथा 'वोकल फॉर लोकल' को जनआंदोलन बनाना है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26